RNI UPHIND 2015/64737

दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

बिहार, झारखंड, बंगाल, हरियाणा, उत्तर प्रदेश से एक साथ प्रसारित

वर्ष :10 अंक : 121 | झारखंड/ बिहार, शनिवार /11 अप्रैल 2026 | पृष्ठः 06 . मूल्यः 04 रुपये

# कृषि लोकरंग से किसानों के जीवन में आएगा उत्सव और सम्मान का नया रंग : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## कृषि क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को मिलेंगे पुरस्कार

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की कृषि लोकरंग आयोजन की तैयारियों की समीक्षा

**भोपाल, ब्यूरो।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कृषि हमारी जीवन संस्कृति का मूल आधार है। किसान अन्नदाता होने के साथ हमारी संस्कृति, परम्पराओं और सुरक्षित भविष्य का आधार स्तम्भ हैं। किसान अपने परिवार के लिए ही नहीं, पूरे समाज के लिए अन्न का उत्पादन करता है। किसान मनुष्यों के साथ पशु-पक्षियों और कीट-पतंगों का भी उदर-पोषण करता है। ऐसे अन्नदाता के जीवन में आनंद और उत्सव का संचार करना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार यह वर्ष किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है। कृषि लोकरंग-2026 इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास (समत्व भवन) में प्रदेश में कृषि लोकरंग - 2026 आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित



कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह आयोजन किसानों के जीवन, उनकी पुरा परम्पराओं और कृषि संस्कृति का जीवंत उत्सव बने। उन्होंने कहा कि जो दिन-रात अथक श्रम-साधना कर सबके उदर पोषण की चिंता करता है, उसके परिश्रम से भरे जीवन में खुशियों के सुनहरे रंग भरना हम सबका कर्तव्य है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि लोकरंग में किसानों और आमजन की सहभागिता बढ़ाने के लिए कृषि क्विज प्रतियोगिता जैसे नवाचार किए जाएं। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार भी दिए जाएं। प्रत्येक जिले के प्रथम विजेता (टापर) को पुरस्कार के रूप में किसानों के लिए हर मौसम में उपयोगी कृषि संसाधन (जैसे ट्रेक्टर आदि) एवं अन्य तरह के पुरस्कार भी दिए जा सकते हैं।

### लोकरंग के दौरान राज्य, संभाग एवं जिलास्तर पर किए जाएं सांस्कृतिक कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह वर्ष हम किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। इसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना, उनके जीवन स्तर में सुधार लाना और कृषि को लाभकारी बनाने के साथ ही किसानों के जीवन में आनंद लाना भी है। इसीलिए हम सब मिलकर इस वर्ष को किसानों के आनंद के वर्ष के रूप में मनाएंगे, जिससे किसान सिर्फ आर्थिक रूप से नहीं, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी खुद को सम्मानित महसूस करें। इसके लिए लोकरंग के दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम के अलावा संभाग एवं जिलास्तर पर सर्व लोकप्रिय सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी सहित कवि सम्मेलन जैसे आयोजन भी किए जाएं। इन कार्यक्रमों में किसानों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों तक कृषि लोकरंग आयोजन की जानकारी प्रभावी रूप से पहुंचायी जाए। कृषि लोकरंग में स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प और कृषि आधारित उद्योगों सहित उनके उत्पादों को भी प्रदर्शित किया जाए, जिससे किसानों को बाजार से जोड़ने का अवसर मिल सके।

## नीतीश के करीबी पर राष्ट्रपति ने फिर जताया भरोसा

# राज्यसभा में हरिवंश की हुई ग्रैंड एंट्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

बिहार की राजनीति और देश के उच्च सदन से एक बड़ी खबर सामने आई है। राज्यसभा के उपसभापति और जनता दल-यूनाइटेड (जेडीयू) के दिग्गज नेता हरिवंश नारायण सिंह एक बार फिर सांसद मनोनीत किए गए हैं। राष्ट्रपति ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) रंजन गोगोई के रिटायर होने से खाली हुई सीट पर हरिवंश के नाम पर मुहर लगा दी है। गौरतलब है कि उनका पिछला कार्यकाल 9 अप्रैल को ही समाप्त हुआ था, लेकिन महज 24 घंटे के भीतर उनकी सदन में वापसी ने दिल्ली से लेकर पटना तक सियासी हलचल तेज कर दी है।

हरिवंश नारायण सिंह का सफर उत्तर प्रदेश के बलिया से शुरू होकर पत्रकारिता के शिखर और फिर राजनीति के शीर्ष पदों तक पहुँचा है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय से शिक्षित हरिवंश ने दशकों तक पत्रकारिता की और प्रभात खबर जैसे बड़े संस्थान को ऊंचाइयों पर पहुँचाया। इसी दौरान वे नीतीश कुमार के संपर्क में आए और राजनीति की मुख्यधारा में



शामिल हुए। अपनी विदाई के वक्त उन्होंने भावुक होकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया था। उन्होंने कहा था कि पहले ही कार्यकाल में उपसभापति जैसा महत्वपूर्ण पद मिलना उनके लिए गौरव की बात है।

हरिवंश की राजनीतिक पकड़ का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वे न केवल नीतीश कुमार के संकटमोचक माने जाते हैं, बल्कि भाजपा नेतृत्व के साथ भी उनके संबंध बेहद प्रगाढ़ हैं।

## नीतीश कुमार ने राज्यसभा सदस्य के रूप में ली शपथ

### चारों सदनों के सदस्य बनने का बना अनोखा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेकर एक अनोखा राजनीतिक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वे अब भारत के ऐसे पहले नेता बन गए हैं, जो लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और विधान परिषद, चारों सदनों के सदस्य रह चुके हैं। राज्यसभा में उन्हें उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे, जिनमें केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, निर्मला सीतारमण और अर्जुन राम मेघवाल समेत बिहार एनडीए के कई नेता शामिल थे। शपथ ग्रहण के बाद माहौल हल्का-फुल्का भी नजर आया। राज्यसभा सांसद संजय झा ने हस्ताक्षर के लिए उन्हें पेन दिया, जिस पर नीतीश कुमार मुस्कुराते हुए बोले- 'हो गया... चलें?' इसके बाद उन्होंने फोटो सेशन के लिए रुकने का भी आग्रह स्वीकार किया। नीतीश कुमार ने अपने लंबे राजनीतिक करियर में कई अहम पद संभाले हैं। वे पहले लोकसभा सांसद रह चुके हैं और बिहार विधानसभा व विधान परिषद के भी सदस्य रहे हैं। अब राज्यसभा में उनकी एंट्री के साथ उनका संसदीय अनुभव और भी व्यापक हो गया है। राजनीतिक हलकों में इसे एक प्रतीकात्मक उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

## बंगाल चुनाव से पहले बीजेपी का घोषणा पत्र

# यूसीसी से लेकर महिलाओं को 3000 रुपये तक के बड़े वादे

### अमित शाह ने जारी किया भरोसा पत्र, रोजगार, सुरक्षा और विकास को बनाया मुख्य एजेंडा

**कोलकाता, एजेंसी।**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने अपना बहुप्रतीक्षित चुनावी घोषणापत्र जारी कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इस घोषणापत्र को जारी किया, जिसे पार्टी ने 'भरोसा पत्र' नाम दिया है। इस संकल्प पत्र में महिलाओं, युवाओं और कर्मचारियों समेत विभिन्न वर्गों को ध्यान में रखते हुए कई बड़े वादे किए गए हैं।

घोषणापत्र जारी करते हुए अमित शाह ने कहा कि यह दस्तावेज़ बंगाल में 'सोनार बांग्ला' के निर्माण का आधार बनेगा। उन्होंने राज्य की सत्तारूढ़ ममता बनर्जी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले 15 वर्षों में जनता की अपेक्षाएं पूरी नहीं हो सकीं, जिससे अब राज्य में बदलाव की मांग तेज हो गई है। बीजेपी के घोषणापत्र में सबसे प्रमुख वादों में महिलाओं को हर महीने 3000रुपये की आर्थिक सहायता देना शामिल है, जो हर महीने की



1 से 5 तारीख के बीच सीधे उनके खातों में ट्रांसफर की जाएगी। इसके अलावा बेरोजगार युवाओं को भी 3000 रुपये मासिक भत्ता देने का वादा किया गया है। पार्टी ने दावा किया है कि सत्ता में आने पर एक करोड़ रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे।

### सरकारी कर्मचारियों के लिए भी बड़े ऐलान

सरकारी कर्मचारियों के लिए भी बड़े ऐलान किए गए हैं। अमित शाह ने कहा कि बकाया महंगाई भत्ता (डीए) का भुगतान किया जाएगा और सरकार बनने के 45 दिनों के भीतर सातवें वेतन आयोग को लागू किया जाएगा। इसके साथ ही राज्य में सभी केंद्रीय योजनाओं, जैसे आयुष्मान भारत, को पूरी तरह लागू करने की बात कही गई है। घोषणापत्र में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था पर भी विशेष जोर दिया गया है। अमित शाह ने कहा कि घुसपैठ के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी और सीमाओं को पूरी तरह सुरक्षित किया जाएगा। साथ ही, गौ तस्करी रोकने और नदी-नालों में पेट्रोलिंग बढ़ाने की भी बात कही गई है।

### यूसीसी लागू करने का वादा

बीजेपी ने छह महीने के भीतर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का वादा भी किया है। इसके अलावा, महिलाओं की सुरक्षा के लिए 'दुर्गा सुरक्षा स्क्वॉड' का गठन, मुफ्त बस यात्रा और सरकारी नौकरियों में 33 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की गई है। औद्योगिक विकास को लेकर पार्टी ने पहले 100 दिनों में रोडमैप तैयार करने, उत्तर बंगाल के विकास और दार्जिलिंग चाय को वैश्विक पहचान दिलाने का लक्ष्य रखा है। साथ ही भ्रष्टाचार और माफिया राज खत्म करने के लिए समयबद्ध योजना लागू करने का वादा किया गया है।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने विश्वास जताया, कि इस विधानसभा चुनाव में बंगाल की जनता बीजेपी को पूर्ण बहुमत देगी और राज्य में एक नई सरकार का गठन होगा। फिर वही आगामी सरकार विकास और सुशासन के नए आयाम स्थापित करेगी।

# स्पाइसजेट में 20 फीसद स्टाफ की छंटनी, आर्थिक संकट गहराया

### सीनियर अफसरों को महीनों से वेतन नहीं, बेड़े में महज 13 अपने विमान बचे, मार्केट शेयर भी घटा

नई दिल्ली, एजेंसी। देश की निजी एयरलाइन स्पाइसजेट गंभीर वित्तीय संकट का सामना कर रही है। परिचालन क्षमता में गिरावट के बीच कंपनी ने करीब 20 फीसद स्टाफ को कम करने का फैसला लिया है। इसके तहत 500 से अधिक कर्मचारियों को बिना वेतन छुट्टी



पर भेजा जा सकता है।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार एयरलाइन स्पाइसजेट के पास वर्तमान में लगभग 6,800 कर्मचारी हैं, लेकिन इसके अपने विमान घटकर केवल 13 रह गए हैं, जिनमें 10 बोइंग और 3 क्यू400 शामिल हैं। इसके अलावा 14 विमान वेट-लीज पर संचालित किए जा रहे हैं। कंपनी के अंदर वित्तीय दबाव साफ नजर आ रहा है। सीनियर अधिकारियों को जनवरी से वेतन नहीं मिला है, जबकि अन्य कर्मचारियों की सैलरी भी 2-3 महीने की देरी से दी जा रही है। इसके साथ ही कंपनी पर जीएसटी, टीडीएस और पीएफ से जुड़े 100 करोड़ रुपए से अधिक के बकाया हैं।घरेलू एविएशन बाजार में भी स्पाइसजेट की स्थिति कमजोर हुई है। कंपनी की मार्केट हिस्सेदारी घटकर 3.9 प्रतिशत रह गई है, जबकि नई एयरलाइन अकासा एयर 4.9 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ आगे निकल गई है।

### कर्मचारियों में बढ़ा असंतोष व नाराजगी

कंपनी ने इस्तीफा दे चुके कई इंजीनियरों का नोटिस पीरियड भी समाप्त कर उन्हें तुरंत कार्यमुक्त करने का निर्णय लिया है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ा है।

# वृंदावन में बड़ा हादसाः यमुना में पलटी श्रद्धालुओं से भरी नाव, 10 की मौत

**मथुरा, एजेंसी।**

यूपी के मथुरा जिले से एक बडे हादसे की खबर सामने आई है. यहां वृंदावन में यमुना में श्रद्धालुओं से भरा एक स्टीमर पलट गया. इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई है. हादसे में बारे में डीआईजी आगरा शैलेश पांडे ने बताया कि हादसा दोपहर सवा 3 बजे केसी घाट पर हुआ, जो श्रीबांके बिहार मंदिर से करीब ढाई किमी की दूरी पर है. इस नाव में लगभग में



25 से 27 लोग सवार थे. पांटून पुल से टकराकर यह दुर्घटना हुई है. अभी तक इस हादसे मे 10 लोगों के शव बरामद किए गए हैं. एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम भी जल्द पहुंच जाएगी. स्थानीय पुलिस, गोताखोर और मेडिकल की टीम यहां पर मौजूद है।

### पंजाब के लुधियाना के रहने वाले थे सभी लोग

मथुरा के डीएम चंद प्रकाश सिंह ने अभी तक 14 लोगों को बचा लिया गया है. एनडीआरएफ और आर्मी के लोगों से भी मदद मांगी गई है. हृष्ठक्रस्न की टीम भी मौके पर पहुंच रही है. हालांकि अभी भी कई लोग लापता बताए जा रहे हैं. जिनकी तलाश के लिए राहत-बचाव कार्य जारी है।

# राघव चड्ढा ने वीडियो जारी कर दिया अपने विरोधियों को जबाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने अपने संसदीय प्रदर्शन पर सवाल उठाने वालों को सोशल मीडिया के माध्यम से जबाव दिया। उन्होंने कहा कि वे आलोचनाओं का जवाब शब्दों से नहीं, बल्कि अपने काम से देना पसंद करते हैं। वीडियो में उन्होंने कई अहम विषयों को प्रमुखता से उठाया है, जिसमें डेटा प्राइवेसी, पितृत्व अवकाश को कानूनी अधिकार बनाने की मांग और बैंकों द्वारा न्यूनतम बैलेंस पर लगाने वाले जुर्माने को समाप्त करने जैसे जनहित के मुद्दे शामिल हैं। इसके अलावा खाद्य मिलावट, 28 दिन के मोबाइल



रिचार्ज प्लान, एयरलाइंस के अतिरिक्त बैगेज शुल्क और पेपर लीक जैसे गंभीर मामलों पर भी उन्होंने अपनी बात रखी।

राघव चड्ढा ने वायु प्रदूषण, गिग वर्कर्स के शोषण, हेल्थ इंश्योरेंस क्लेम में देरी, टोल प्लाजा पर अधिक वसूली और महंगे एयरपोर्ट खाद्य पदार्थों जैसे मुद्दों को भी संसद में उठाया। उन्होंने लोगों को राहत देने के लिए मुफ्त वार्षिक हेल्थ चेकअप का अधिकार देने की वकालत की। साथ ही डिजिटल कॉपीराइट स्ट्राइक, बढ़ते कर्ज-से-जीडीपी अनुपात और भीड़भाड़ वाले एयरपोर्ट्स की समस्या पर भी चिंता जाहिर की है।

वीडियो में सरकारी बैंकों की स्थिति, दिव्यांगों और सशस्त्र बलों पर टैक्स में राहत, वर्चुअल डिजिटल एसेट्स को वैध बनाने और 'राइट टू हायर, राइट टू फायर' जैसे विषय भी शामिल रहे। उन्होंने महंगाई, पंजाब की 'कैंसर ट्रेन', जल संकट और भूजल की कमी जैसे गंभीर मुद्दों पर भी सरकार का ध्यान आकर्षित किया।

## अब अकेले ही चुनावी मैदान में उतरेगी एआइएमआइएम

# चुनाव से पहले हुमायूं को बड़ा झटका, ओवैसी की पार्टी ने तोड़ा गठबंधन

**कोलकाता एजेंसी।**

**पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले हुमायूं कबीर को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम ने उनकी पार्टी 'आम जनता विकास पार्टी' के साथ गठबंधन तोड़ने का ऐलान कर दिया है। अब एआइएमआइएम राज्य में अकेले चुनाव लड़ेगी**



पार्टी की ओर से सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा गया कि हुमायूं कबीर के हालिया बयान से मुस्लिम समाज की ईमानदारी और आत्मसम्मान पर सवाल खड़े हुए हैं। ऐसे में एआइएमआइएम किसी भी विवादित बयान से खुद को जोड़ना नहीं चाहती, इसलिए गठबंधन खत्म करने का फैसला लिया गया है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को इस्लामपुर में हुमायूं कबीर और ओवैसी की संयुक्त रैली होने वाली थी, लेकिन उससे पहले ही यह गठबंधन टूट गया। इसके पीछे एक वायरल वीडियो को कारण बताया जा रहा है। इस वीडियो में हुमायूं कबीर किसी व्यक्ति से बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं, जिसमें कुछ विवादित बातें सामने आई हैं। इस घटनाक्रम के बाद राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। चुनाव से ठीक पहले गठबंधन टूटना हुमायूं कबीर के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है, जबकि एआइएमआइएम ने साफ कर दिया है कि वह अब अकेले ही चुनावी मैदान में उतरेगी।

# जिले में एल पी जी आपूर्ति पर प्रशासन सख्त कालाबाजारी पर कार्रवाई

## शादी-ब्याह के लिए वाणिज्यिक गैस की विशेष व्यवस्था

संवाददाता/दैनीक शुभ भास्कर, सुपौल



जिले में आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन पूरी सक्रियता के साथ कार्य कर रहा है। खासकर रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता, प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा और कालाबाजारी पर रोक को लेकर प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। साथ ही वैवाहिक कार्यों के लिए वाणिज्यिक रसोई गैस की आपूर्ति की विशेष व्यवस्था भी लागू की गई है।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शादी-विवाह जैसे आयोजनों में उपयोग के लिए वाणिज्यिक गैस प्राप्त करने हेतु संबंधित रसोइयों और कैटरर्स को तेल कंपनियों के साथ पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। यह पंजीकरण 5 से 7 दिनों के भीतर पूरा किया जाएगा। जिन परिवारों में विवाह कार्यक्रम है, उन्हें अपने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देना होगा, जिसमें आवश्यक सिलेंडरों की संख्या और संभावित मेहमानों की जानकारी देनी होगी। इसके आधार पर प्रशासन द्वारा कैटरर्स के माध्यम से वाणिज्यिक गैस उपलब्ध कराई जाएगी।वर्तमान में जिले की गैस एजेंसियों के पास करीब 13,091 रसोई सिलेंडरों का भंडार उपलब्ध है, जबकि आज 4,657 अतिरिक्त सिलेंडर मिलने की संभावना है। 9 अप्रैल 2026 को लगभग 4,797 उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति की गई थी, जबकि अब भी 23,181 उपभोक्ताओं को बुकिंग के अनुसार गैस उपलब्ध करानी शेष है। जिले की 51 गैस एजेंसियों में से 47 पर फिलहाल गैस उपलब्ध है, जबकि शेष 4 एजेंसियों में जल्द ही आपूर्ति बहाल होने की उम्मीद है।प्रशासन द्वारा सघन जांच अभियान भी चलाया जा रहा है। अब तक 24 गैस एजेंसियों और 33 होटलों एवं प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर रसोई के दुरुपयोग की जांच की गई है। घरेलू गैस के वाणिज्यिक उपयोग और कालाबाजारी के आरोप में अब तक तीन प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं।इसके अलावा पेट्रोल पंपों का भी औचक निरीक्षण किया जा रहा है। चार पेट्रोल पंपों की जांच कर आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। तेल कंपनियों के साथ समन्वय स्थापित कर पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सामान्य रखने का प्रयास जारी है।

समाहरणालय स्थित जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय में रसोई वितरण की निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष संख्या 06473-224005 है। 10 अप्रैल 2026 को यहां 11 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनका त्वरित निष्पादन कर दिया गया।जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि गैस एजेंसियों पर भीड़ न लगाएं और होम डिलीवरी के माध्यम से गैस प्राप्त करें। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि किसी भी अनियमितता पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जाएगी।

# अपराध समीक्षा बैठक लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन और कानून-व्यवस्था पर एसपी सख्त



संवाददाता/दैनीक शुभ भास्कर, सुपौल

जिले में पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला स्तरीय अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के सभी थाना अध्यक्ष, अंचल निरीक्षक एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों की समीक्षा कर अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाना रहा।बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न लंबित कांडों की विस्तार से समीक्षा की और संबंधित पदाधिकारियों को उनके शीघ्र निष्पादन के लिए सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों के कारण न्याय प्रक्रिया प्रभावित होती है, इसलिए सभी अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर अनुसंधान कार्य को पूरा करें।इसके साथ ही कानून-व्यवस्था की स्थिति को मजबूत बनाए रखने, अपराध पर प्रभावी नियंत्रण करने और अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार लाने पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में नियमित गश्ती करें और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें।बैठक में वारंट एवं कुर्की के लंबित मामलों के निष्पादन पर भी गंभीरता से चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि वारंट और कुर्की के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसे अभियान चलाकर पूरा किया जाए।उन्होंने सभी पदाधिकारियों को सतर्क, सक्रिय और जवाबदेह रहने की हिदायत देते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्यों को समय पर हासिल करना आवश्यक है। साथ ही आम जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया।इस समीक्षा बैठक के माध्यम से पुलिस प्रशासन ने अपराध नियंत्रण को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ठोस रणनीति तैयार की।

# सड़क हादसे में सिमराही के युवा चिकित्सक की मौत, क्षेत्र में शोक की लहर।

संवाददाता/दैनीक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल



जिले में ?राघोपुर प्रखंड के सिमराही बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद से पूरे चिकित्सा जगत और स्थानीय क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक चिकित्सक की पहचान पड़ोसी देश नेपाल के लालपट्टी ग्राम निवासी डॉ. शशि कुमार यादव के रूप में हुई है।मिली जानकारी के अनुसार, यह हृदयविदारक घटना शुक्रवार शाम करीब 5 बजे की है। डॉ. शशि कुमार यादव सिमराही बाजार स्थित अपने क्लिनिक से काम खत्म कर अपनी बुलेट बाइक से अपने पैतृक घर नेपाल लौट रहे थे। इसी क्रम में बलुआ के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि डॉ. यादव गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की भीड जमा हो गयी । ग्रामीणों और राहगीरों के सहयोग से उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, वीरपुर ले जाया गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार और चिकित्सकों के अथक प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। इलाज के दौरान ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

बताया गया की डॉ. शशि कुमार यादव वर्तमान में सिमराही-करजाइन रोड स्थित श्आयुष क्लिनिकश् में अपनी सेवाएं दे रहे थे। वे अपने मृदुभाषी स्वभाव और सेवा भावना के लिए स्थानीय मरीजों के बीच काफी लोकप्रिय थे। उनकी आकस्मिक मृत्यु की खबर जैसे ही सिमराही पहुंची, बाजार में मातम पसर गया। स्थानीय व्यवसायियों और साथी चिकित्सकों ने उनकी मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है।वार्ड पार्षद सतीश कुमार ने कहा की

?डॉ. शशि एक होनहार और समर्पित चिकित्सक थे। उनका इस तरह असमय चले जाना चिकित्सा क्षेत्र और उनके परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

?घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार एक महिला की मौत

निज संवाददाता/दैनीक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल




जिले में निर्मली अनुमंडल अंतर्गत कुनौली-निर्मली मुख्य सड़क पर बनगामा चौक के पास शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में मधुबनी जिले के दुधैला गांव की रहने वाली ज्योति कुमारी की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया है, वहीं इलाके में भी शोक की लहर दौड़ गई है। बताया जा रहा है कि ज्योति कुमारी अपने पति और भाभी के साथ बाइक से निर्मली जा रही थीं। इसी दौरान बनगामा चौक के पास सड़क पर पड़े ईट के टुकड़े से बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और तीनों सड़क पर गिर पड़े। हादसा इतना गंभीर था कि ज्योति कुमारी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उनकी भाभी इस दुर्घटना में घायल हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी को तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल निर्मली ले जाया गया, जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर प्रदीप कुमार ने ज्योति कुमारी को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल महिला का इलाज जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां चीख-पुकार और मातम का माहौल बन गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि बिना पोस्टमार्टम के ही शव को घर ले जाया गया, जिसके बाद अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी गई।स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर बिखरे निर्माण सामग्री और खराब सड़क स्थिति के कारण इस तरह की दुर्घटनाएं लगातार हो रही हैं। उन्होंने प्रशासन से सड़क की मरम्मत और सफाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# ऑपरेशन नगर पंचायत सिमराही नालंदा की ईओ मैडम ने नालंदा के एजेंसी को ही दिया 2.49 करोड़ का काम

## जेम पोर्टल से हुई 2.49 करोड़ की खरीदारी में ईओ ने किया 1.5 करोड़ का गबन

**नगर पंचायत सिमराही में विकास के नाम पर चल रहा कमीशन का खेल,**

**मात्र 17 दिन में 2.49 करोड़ की खरीदारी**

**नगर पंचायत सिमराही की योजनाओं के लिए ही बनी थी एजेंसी,**

**चयनित चार में तीन को दो महीने पूर्व ही मिला जीएसटी**




जिले के नगर पंचायत सिमराही में ईओ वीणा वैशाली की कार्यशैली सवालों के घेरे में है। नालंदा की ईओ मैडम ने नालंदा के एजेंसी को ही दिया 2.49 करोड़ का काम दे दिया। दरअसल नगर पंचायत सिमराही में मात्र 17 दिन के भीतर 2.49 करोड़ की खरीदारी हुई। प्रक्रिया पूरी हुई तो अलग-अलग काम का टेंडर भी निकला। कई एजेंसियां शामिल हुई और कागजी औपचारिकताएं भी पूरी की गई लेकिन नतीजा ईओ वीणा वैशाली के चाह अनुसार ही निकला। चार कंपनी चयनित हुई तो चारों का ठिकाना ईओ मैडम का गृह जिला नालंदा ही है। बाकी एजेंसियां जैसे सिर्फ 'दर्शक' बनकर रह गई और काम सेटिंग पर आवंटन हो गया। शुक्रवार को पत्रकार सह आरटीआई कार्यकर्ता सह जन सुराज नेता अनिल कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता कर मामले का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत सिमराही में विकास के नाम पर कमीशन का खेल चल रहा है। 16 जून 2025 से 3 जुलाई 2025 के बीच 10 अलग अलग खरीदारी की गई। जेम पोर्टल से कुल 2.49 करोड़ की खरीदारी की गई है। यहीं नहीं कमीशन के लिए सारा काम अपने गृह जिला के एजेंसी को ही दिया गया। यहीं नहीं कमीशनखोरी के लिए ईओ द्वारा अपने शक्ति का भी जमकर दुरूपयोग किया गया। नियमों की मानें तो जेम पोर्टल के खरीदारी के लिए नगर पंचायत सिमराही में पदाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति है लेकिन अपने फायदे से लिए खरीदारी का सारा काम कंप्यूटर ऑपरेटर से कराया गया। नगर पंचायत सिमराही की योजनाओं के लिए ही बनी एजेंसीरू नगर पंचायत सिमराही में 2.49 करोड़ की खरीदारी में चयनित चारों एजेंसी नालंदा जिले से जुड़ा है। एजेंसी के खुलने की तिथि का आकलन किया जाए तो क्या करना गलत नहीं होगा कि नगर पंचायत सिमराही की योजनाओं के लिए ही यह सभी एजेंसी बनाई गई। चयनित एजेंसी जीएसटी निर्माण की तिथि की बात करें तो। इसके अलावा रोववीर बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड नालंदा को 44 लाख 50 हजार का काम मिला। कंपनी को महज दो महीने पहले 13 मई 2025 को ही जीएसटी मिला। शिवाजीत इंटरप्राइजेज को 25 लाख 50 हजार का काम मिला। 17 अप्रैल 2025 को ही कंपनी को जीएसटी मिला है। मेसर्स मां तारा ट्रेडर्स को 91 लाख 95 हजार का दो काम मिला। अंतिम पीएस इंटरप्राइजेज 87 लाख 27 हजार 500 का पांच काम मिला। बिड में शामिल हुई थी कई एजेंसी लेकिन तकनीकी पर नालंदा के ही चार का चयनरू नगर पंचायत सिमराही में 2.49 करोड़ की खरीदारी के लिए जेम पोर्टल पर 10 अलग-अलग बिड निकल गई थी। इसमें आठ कंपनियां शामिल हुई लेकिन चयन प्रक्रिया में चारों नालंदा के एजेंसी का ही चयन हुआ। अनिल कुमार सिंह ने बताया कि ईओ द्वारा कमीशन खोरी के लिए चहेते एजेंसी का चयन किया जाता है। बिड में भले ही कितनी एजेंसी शामिल हो लेकिन काम सेटिंग पर ही मिलता है। अगर गलती से किसी खरीदारी में चाह के अनुसार एजेंसी का चयन नहीं होने पर कोई ना कोई कारण बताकर टेंडर ही रद्द कर दिया जाता है। यहीं नहीं विकास के नाम पर खरीदारी में ना तो नियमों का ध्यान और ना ही गुणवत्ता का ध्यान रखा गया। खरीदारी में अधिकांश सामान अनब्रांडेड और बाजार से अधिक मूल्य पर खरीदा गया। जेम पोर्टल अधिकारियों के लिए बना कमाई का जरियारू बिहार में सरकारी खरीद को पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया जेम पोर्टल अब खुद सवालों के घेरे में आ गया है। सुपौल जिले के सिमराही नगर से सामने आई शिकायतों ने इस व्यवस्था की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जेम पोर्टल के जरिए की जा रही खरीद में बाजार मूल्य से अधिक दर पर सामान खरीदा जा रहा है। कई अधिकारी अपने पसंदीदा विक्रेताओं को ही काम देकर उन्हें लाभ पहुंचा रहे हैं, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है।अनिल कुमार सिंह ने कहा कि कागजों पर पूरी प्रक्रिया पारदर्शी दिखती है, लेकिन अंदरखाने अलग खेल चल रहा है। इससे न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान हो रहा है, बल्कि ईमानदार आपूर्तिकर्ताओं के लिए प्रतिस्पर्धा भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने आर्थिक अपराध इकाई से ईओ वीणा वैशाली के कार्यकाल की जांच की मांग की है।

## जिले में आई सी डी एस समीक्षा बैठक

# कुपोषण मुक्ति पर जोर, 'पोषण पखवाड़ा' का हुआ शुभारंभ



संवाददाता/दैनीक शुभ भास्कर, सुपौल

जिले में जिलाधिकारी के निर्देश पर लहटन चौधरी सभागार में समेकित बाल विकास सेवा के अंतर्गत जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, प्ब्कै सुपौल द्वारा की गई। इस दौरान जिले के सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जिला समन्वयक, मिशन समन्वयक, महिला पर्यवेक्षिका सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।बैठक में आंगनवाड़ी केंद्रों के सुचारु संचालन, पोषण ट्रैकर के उपयोग, टीएचआर (टेक होम राशन) वितरण, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के पंजीकरण तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की पहचान प्राथमिकता के आधार पर की जाए और उनके समुचित उपचार एवं पोषण प्रबंधन के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। इस अवसर पर फ्रपोषण पखवाड़ाफ्र का विधिवत शुभारंभ भी किया गया।अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पोषण पखवाड़ा के तहत पोषण रैली, अन्नप्राशन, गोद भराई, स्वास्थ्य जांच शिविर एवं जन-जागरूकता अभियान जैसे कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके।बैठक में आंगनवाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने और अधिकाधिक लाभुकों को जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। अंत में सभी कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ करने का निर्देश दिया गया, ताकि जिले में कुपोषण मुक्त समाज के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

# छातापुर में अवैध शराब व नशे के खिलाफपुलिस का सघन अभियान, चेकिंग और छापेमारी तेज



संवाददाता/दैनीक शुभ भास्कर, सुपौल

जिले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर छातापुर थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ एवं अवैध शराब के खिलाफसघन छापेमारी अभियान लगातार चलाया जा रहा है। यह अभियान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, त्रिवेणीगंज के नेतृत्व में संचालित हो रहा है, जिसमें पुलिस टीम पूरी सतर्कता और सक्रियता के साथ कार्रवाई कर रही है।अभियान के तहत संदिग्ध ठिकानों पर नियमित छापेमारी की जा रही है। साथ ही मुख्य मार्गों पर वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है, ताकि अवैध शराब और मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाई जा सके। पुलिस द्वारा आसूचना संकलन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफकड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जा रही है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें।

# जिले में जिला जनता दरबार 51 आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

## अधिकारियों की रही मौजूदगी

संवाददाता/दैनीक शुभ भास्कर, सुपौल



जिले के समाहरणालय परिसर में आज आयोजित जिला जनता दरबार में आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान अपर समाहर्ता-सह-प्रभारी जिलाधिकारी श्री सच्चिदानंद सुमन ने कुल 51 आवेदन प्राप्त किए और संबंधित पदाधिकारियों को उन पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।जनता दरबार में विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं सामने आई, जिनमें भूमि विवाद, सरकारी योजनाओं का लाभ, सामाजिक सुरक्षा, आधारभूत सुविधाओं से संबंधित मुद्दे प्रमुख रहे। अपर समाहर्ता ने सभी मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया।उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों के निष्पादन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही यह भी कहा गया कि सभी मामलों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए ताकि शिकायतकर्ताओं को शीघ्र राहत मिल सके।इस अवसर पर जिला पंचायत राज पदाधिकारी श्री गयानंद यादव, गोपनीय शाखा के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री विकास कुमार कर्ण एवं वरीय उप समाहर्ता श्री मुकेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।जिला जनता दरबार का उद्देश्य आम जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, जिससे लोगों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे और प्रशासन से समाधान की उम्मीद जताई।

# स्वच्छता कर्मियों के समर्थन में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, वेतन व सुरक्षा को लेकर सौंपा ज्ञापन

संवाददाता/दैनीक शुभ भास्कर, सुपौल



जिले में पंचायत स्तरीय स्वच्छता कर्मियों की समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस के बिहार प्रदेश सचिव लक्ष्मण कुमार झा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट गेट के सामने एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जिला पदाधिकारी को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।प्रदर्शन के दौरान लक्ष्मण कुमार झा ने राज्य सरकार पर स्वच्छता कर्मियों की उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर कार्यरत स्वच्छता कर्मी अपने हाथों से गंदगी साफकरते हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। न तो उन्हें आवश्यक सुरक्षा उपकरण जैसे ग्लव्स उपलब्ध कराए गए हैं और न ही उन्हें वर्दी दी गई है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर खतरा बना रहता है।उन्होंने बताया कि स्वच्छता कर्मियों को पिछले 10 महीनों से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार द्वारा पहले ?3000 मासिक मानदेय देने की घोषणा की गई थी, जिसे सितंबर 2025 से बढ़ाकर ?5000 करने की बात कही गई, लेकिन अब तक इसका लाभ कर्मियों को नहीं मिल सका है।

# साहिबगंज में राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस का अल्टीमेटम, 19 सूत्री मांगों को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो साहिबगंज**



साहिबगंज साहिबगंज में राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस ने जनसमस्याओं को लेकर जिला प्रशासन पर दबाव बढ़ा दिया है। पार्टी के जिला अध्यक्ष दिनेश सोरेन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त हेमंत सती से मुलाकात कर 19 सूत्री मांगपत्र सौंपा और शीघ्र समाधान की मांग की साहिबगंज में राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दिनेश सोरेन की अगुवाई में पार्टी के शिष्टमंडल ने उपायुक्त हेमंत सती से मुलाकात कर विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर 19 सूत्री ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पार्टी ने स्पष्ट अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि एक माह के भीतर मांगों का समाधान नहीं किया गया, तो व्यापक स्तर पर जन आंदोलन चलाया जाएगा। शिष्टमंडल में जिला अध्यक्ष अर्जुन कर्मकार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे। ज्ञापन की प्रतिलिपि राज्य और राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों को भी भेजी गई है, जिससे मामले को उच्च स्तर पर उठाया जा सके। ज्ञापन में पतना प्रखंड के कड़ी पहाड़ और चंदोला पहाड़ में कब्रिस्तान की घेराबंदी, कड़ी पहाड़ एवं हरचंदपुर में जाहेर स्थान की सुरक्षा के लिए घेराबंदी, बुढ़ी बस्ती पहाड़ और कड़ी पहाड़ में धनकुड़िया भवन निर्माण की मांग प्रमुख रूप से शामिल है। इसके अलावा शर्मापुर, बांसभीटा, मदिया और कौवाखोदी गांव में पोखरों के निर्माण व जीर्णोद्धार, तथा जीर्णोद्धार, तथा डिम्पी, अंबेरी पहाड़, आम डंडा संथाली, उरसा पहाड़, बाकुडी और सावलापुर सहित कई गांवों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण की मांग भी उठाई गई। पार्टी ने भूमि माफियाओं द्वारा गरीबों की जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की भी मांग की। साथ ही, कई गांवों में सिंचाई सुविधाओं के अभाव को देखते हुए हैंडपंप उपलब्ध कराने की मांग रखी गई, ताकि किसानों को समय पर पटवन की सुविधा मिल सके। राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस ने साफ संकेत दे दिया है कि यदि प्रशासन ने समय रहते कार्रवाई नहीं की, तो जिले में जन आंदोलन तेज किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन), अररिया की अध्यक्षता में ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत प्राचीन पाण्डुलिपियों के संरक्षण एवं डिजिटलीकरण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

**साधन यादव - जिला ब्यूरो प्रमुख/ अररिया**



बैठक में बताया गया कि ज्ञान भारतम मिशन के तहत ऐसी पाण्डुलिपियों का डिजिटलीकरण किया जाना है, जिनकी आयु न्यूनतम 75 वर्ष या उससे अधिक हो। पाण्डुलिपियों में कागज़, भोजपत्र, ताड़पत्र, कपड़ा आदि पर लिखित प्राचीन दस्तावेज़ शामिल हैं। इस क्रम में अररिया जिलांतर्गत सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों जैसे मठ, मंदिर, शैक्षणिक संस्थान, निजी संगठन आदि तथा ऐसे व्यक्तियों, जिनके पास पाण्डुलिपियों का संग्रह उपलब्ध है, को चिन्हित करते हुए उनकी सूची तैयार करने का निर्णय लिया गया।सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने प्रखंड क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों को पाण्डुलिपियों के सर्वेक्षण हेतु प्रोत्साहित करें तथा संस्थाओं एवं व्यक्तियों के पास उपलब्ध पाण्डुलिपियों को ज्ञान भारतम मोबाइल एप्प पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत पाण्डुलिपियाँ संबंधित संग्रहकर्ता संस्था अथवा व्यक्ति के अधिकार में ही सुरक्षित रहेंगी। मिशन का मुख्य उद्देश्य प्राचीन ज्ञान-भंडार का संरक्षण एवं डिजिटलीकरण करते हुए उसमें निहित ज्ञान को अनुसंधान, अनुवाद एवं प्रकाशन के माध्यम से विश्व पटल पर प्रस्तुत करना है।जिला प्रशासन द्वारा इस पहल को सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया तथा आमजन से इसमें सक्रिय सहयोग की अपील की गई।बैठक में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अररिया, प्रभारी पदाधिकारी अभिलेखागार अररिया, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी अररिया तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी रानीगंज उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना की समीक्षा, शेष कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश

**साधन यादव - जिला ब्यूरो प्रमुख/ अररिया**



जिला पदाधिकारी अररिया श्री विनोद दूहन की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए शेष कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।समीक्षा के दौरान बताया गया कि अररिया जिले के लिए कुल 30,980 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसके तहत जिले के 211 ग्राम पंचायतों के 2,887 वार्डों में प्रत्येक वार्ड में 10-10 स्ट्रीट लाइट लगाने का निर्देश है।योजना को चार चरणों में पूरा किया जाना था, जिसमें से तीन चरणों का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका है। चौथे चरण में 5,890 स्ट्रीट लाइट के विस्थापन का लक्ष्य निर्धारित है, जिसमें अब तक 3,580 स्ट्रीट लाइट का विस्थापन किया जा चुका है, जबकि शेष कार्य अभी लंबित है।जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि शेष स्ट्रीट लाइटों का अधिष्ठापन शीघ्र सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन एजेंसियों द्वारा कार्य में विलंब किया जा रहा है, उनके विरुद्ध एग्रीमेंट शर्तों के प्रावधान के तहत पेनल्टी निर्धारित की जाए।बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी अररिया, कार्यपालक पदाधिकारी विद्युत आपूर्ति प्रमंडल अररिया सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अररिया में पोषण पखवाड़ा का जिलाधिकारी ने किया का शुभारंभ, समन्वय व जनभागीदारी सुनिश्चित करने के दिए गए निर्देश



**साधन यादव - जिला ब्यूरो प्रमुख/ अररिया**

जिले में 9 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक आयोजित होने वाले 8वें पोषण पखवाड़ा के सफल क्रियान्वयन एवं विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी श्री विनोद दूहन की अध्यक्षता में उद्घाटन सह समीक्षा बैठक आयोजित की गई। पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया किया गया। इससे पूर्व की जिलाधिकारी महोदय का जिला प्रोग्राम पदाधिकारी श्रीमती कविता कुमारी द्वारा पौधा भेंट कर स्वागत किया गया।पोषण पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य बच्चों के जीवन के प्रथम छह वर्षों में मस्तिष्क के समुचित एवं सर्वोत्तम विकास के लिए पोषण एवं प्रारंभिक बाल उद्दीपन (म्तसल बेपसक ैजपउनसंजपवद) के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। इस अवधि में निर्धारित गतिविधि कैलेंडर एवं अवधारणा नोट के अनुरूप कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, साथ ही स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विशेष गतिविधियां भी संचालित होंगी। सभी गतिविधियों की प्रविष्टि जन-आंदोलन डैशबोर्ड पर सुनिश्चित की जा रही है तथा जिला एवं परियोजना स्तर से इसकी सतत निगरानी की जा रही है।वर्ष 2026 के पोषण पखवाड़ा के तहत पांच प्रमुख थीम निर्धारित किए गए हैं। 9 से 15 अप्रैल तक मातृ एवं शिशु पोषण एवं 0-3 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक उत्तेजना पर विशेष बल दिया जा रहा है, जिससे गर्भवती महिलाओं एवं छोटे बच्चों में पोषण एवं देखभाल व्यवहार सुदृढ़ हो तथा बच्चों के संज्ञानात्मक एवं भाषा विकास को बढ़ावा मिले। वहीं 16 से 23 अप्रैल तक 3-6 वर्ष के बच्चों के लिए खेल आधारित शिक्षा के माध्यम से स्कूल रेडीनेस एवं समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही बच्चों में स्क्रीन टाइम में कमी लाकर स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त पूरे पखवाड़े के दौरान मजबूत आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण हेतु सामुदायिक सहभागिता को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत निर्धारित सभी गतिविधियों का गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करें तथा आमजन की सक्रिय भागीदारी से इसे जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान करें, ताकि कुपोषण मुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में ठोस प्रगति सुनिश्चित की जा सके।इस अवसर पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रेणु कुमारी, अहमद रजा खान, जिला समन्वयक कुणाल श्रीवास्तव सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# एसबीआई आरसेटी साहिबगंज एवं जेएएलपीएस पलाश के संयुक्त तत्वावधान में कॉर्डिनेशन बैठक की गई।

**दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो साहिबगंज**




साहिबगंज एसबीआई आरसेटी साहिबगंज एवं जेएएलपीएस पलाश के संयुक्त तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण कॉर्डिनेशन बैठक आरसेटी कार्यालय कमे किया गया।बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की गई।इस दौरान अधिकतम प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिलाने में बेहतर प्रदर्शन करने वाले तीन प्रखंडों को सम्मानित किया गया,जिसमें प्रथम स्थान पर बोरियो,द्वितीय स्थान पर राजमहल एवं तृतीय स्थान पर तालझाड़ी रहा।साथ ही सभी प्रखंडों द्वारा अपने 100 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति पर प्रसन्नता व्यक्त की गई।बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के वार्षिक लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु त्रैमासिक कैलेंडर भी जारी किया गया,जिसमें ब्यूटी पार्लर,बकरी पालन,एडीपी,मशरूम प्रशिक्षण आदि कार्यक्रम शामिल हैं।कार्यक्रम में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सुधीर कुमार,आरसेटी निदेशक प्रदीप कुमार झा,डीपीएम मार्टिन तारिक़,डीएम (जॉब्स एंड स्किल) राजेंद्र कुमार ,आजीविका लिवलीहुड से अनुरुद्ध कुमार,डीएम (फाई) हरिवंश नारायण मिश्रा सहित नौ प्रखंडों से आए ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक उपस्थित रहे।सभी ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधकों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।कार्यक्रम में आरसेटी के वरीय प्रशिक्षक राजहंस कुमार एवं उपेंद्र गोप,कार्यालय सहायक आकाश कुमार,रंजीत कुमार,चंदन, नीरज,तौफीक और सुरेंद्र भी उपस्थित रहे।

# पलाशबोना पंचायत में विधायिका निसात आलम का जनसंपर्क अभियान, लोगों की समस्याएं सुनकर किया समाधान

**संवाददाता वसीम अकरम बरहरवा**



.........................................

बरहरवा प्रखण्ड अंतर्गत पलाशबोना पंचायत के दूधिटोला, दक्षिण पाड़ा, पूरब टोला में पाकुड़ विधानसभा विधायिका निसात आलम ने आज जनसम्पर्क अभियान के तहत क्षेत्र भ्रमन कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच जाकर उनकी मूल भुत समस्याओ को सुनना तथा निदान करना था लोगों से मिलने उपरांत विधायिका निसात आलम को बहुत सी समस्याए मिली जिसमें से बहुत सी समस्याओ को सम्बंधित पदाधिकारियों से फोन पर वार्तालाप कर निदान कर दिया गया साथ हीं ैपत को लेकर मतदाताओं के बीच जो भय बना हुआ है उस पर विधायिका निसात आलम में भरोसा दिलाते हुए कहा कि किसी को घबराने कि जरुरत नहीं है हमारी एक टीम ैपत के प्रति मतदाताओं के बीच लगातार काम कर रही है कागजी सम्बंधित कार्यवाही है बाकी अगर किसी को दिक्क़त होती है तो अपने नजदीकी इसं या जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान से संपर्क करें वह आपके साथ मिलकर आपका निदान का प्रयास करेंगेवही लोगो को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बरकत खान ने कहा कि ैपत कि प्रकिया के लिए इसं आपके घर तक पहुंच कर विस्तार से आपको सारी जानकारी देंगे फिर भी अगर कोई सवाल हो तो आप निःसंकोच हमें बता सकते है।मौक़े पर बरकत खान, अशोक दास, मोरसलीम खान, रणजीत टुडू,रफीक, फिरोज़, इशहाक, आलमगीर, अब्दुल गफूर, दिलदार आलम,हबीबुल्लाह, जमीरुल, सफीकुल,अकमल,सोहेल, फ़ोटिक, सफीक, याकूब,शब्बीर, शमीम सहीत दर्जनों कार्यकर्त्तागण एवं ग्रामीणण उपस्थित थे

# जनता दरबार में 87 मामलों की सुनवाई, जिलाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

**साधन यादव - जिला ब्यूरो प्रमुख/ अररिया**



सात निश्चय 3.0 के अंतर्गत सबका सम्मानदृजीवन आसानफ कार्यक्रम के तहत समाहरणालय स्थित परमान सभागार में सोमवार को जिला पदाधिकारी अररिया विनोद दूहन की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया।जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याएं सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। इस दौरान कुल 87 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनकी क्रमवार सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।जनता दरबार में सरवन कुमार ने खतियानी जमीन का फर्जी केवाला बनाकर परेशान किए जाने की शिकायत की, जबकि महादेव झा ने सरकारी जमीन पर सड़क निर्माण कराने हेतु शिकायत दर्ज कराया गया। कसेरा खातून ने वृद्धा पेंशन में त्रुटि सुधार का मामला रखा, वहीं इंजरून ने इंदिरा आवास योजना का लाभ दिलाने की गुहार लगाई।इसके अलावा प्रमोद कुमार सिंह ने निजी जमीन पर दखल-कब्जा किए जाने की शिकायत दर्ज कराई तथा खुशबू कुमारी ने शिक्षा विभाग द्वारा वेतन भुगतान नहीं किए जाने की समस्या जिलाधिकारी के समक्ष रखी। जिलाधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित जांच एवं निष्पादन का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने कहा कि जनता दरबार आम लोगों की समस्याओं के समाधान का सशक्त माध्यम है और इसमें प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके।«

# खगौल गोल्ड लूट कांड का खुलासा 5.403 किलो सोना बरामद, 3 अपराधी गिरफ्तार, कस्टम अधिकारी बनकर दिनदहाड़े लूट की वारदात

**दैनिक शुभ भास्कर महफूज आलम पटना ब्यूरो**

पटना। खगौल थाना क्षेत्र में 04 अप्रैल 2026 को दानापुर स्टेशन के समीप त्व्ठ के पास हुई सनसनीखेज गोल्ड लूट कांड का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में च्ंजदं च्वसपबम और ठपींत ैज्थ् की संयुक्त कार्रवाई में तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।जानकारी के अनुसार, अपराधियों ने खुद को कस्टम अधिकारी बताकर एक स्वर्ण व्यवसायी से भारी मात्रा में सोना लूट लिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक पटना कार्तिकेय के शर्मा के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के नेतृत्व में विशेष जांच दल (ैप्ज) का गठन किया गया।गठित टीम में ठपींत ैज्थ्, ैप्न् पटना एवं अन्य इकाइयों को शामिल कर जांच प्रारंभ की गई। ब्ब्ज्ट फुटेज, तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान तथा मानवीय स्रोतों के आधार पर अपराधियों की पहचान स्थापित की गई।इसके बाद चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर 5.403 किलोग्राम सोना, ?1,97,000 नकद एवं 9 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। साथ ही घटना में प्रयुक्त वाहन एवं बाइक भी जब्त किए गए हैं, जिनमें एक चार पहिया वाहन चोरी का पाया गया।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार सभी अभियुक्तों का पूर्व से ही गंभीर आपराधिक इतिहास रहा है। फिलहाल अन्य फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए समझौता किया गया।




**दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो साहिबगंज**

साहिबगंज सकरीगली रेलवे स्टेशन के सामने विद्यार्थी स्टोन के ऑफिस में प्रबंधन पक्ष एवं झारखण्ड मजदूर संघ के बीच समझौता जिला अध्यक्ष प्रीतम कुमार पीयूष व केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव की मौजूदगी में मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए समझौता किया गया।जिसमे सभी मजदूरों ने हड़ताल वापस लेते हुए कहा कि न्यूनतम मजदूरी 4100 भुगतान होगी, कामगारों को लेकर लोडिंग की सुविधा को खयाल करते हुए मिट्टी लेवल किया जाएगा,प्रतिवर्ष ?200 प्रति वेगन बढ़ती होगी,पेयजल प्राथमिक स्वास्थ्य की सुविधा एवं इंश्योरेंस का कार्य करने में अहम भूमिका निभाएंगे।मौक़े पर इमाम विश्वास,फूल कुमारी देवी,मिथुन कुमार यादव,मुन्ना कुमार यादव,विजय यादव, शिव जतन मंडल,गोपाल उराव,रतन मंडल,मुन्ना यादव,दिलीप चौधरी,अनिल मंडल,राकेश महतो,मिथुन यादव,भोला यादव,संजय रजक,जितेन रजक के आलवे कई मजदूर मौजूद थे।

# अररिया में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता

**साधन यादव - जिला ब्यूरो प्रमुख/ अररिया**

अररिया जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। वर्तमान में जिले में 9,905 गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है।जिलाधिकारी के निर्देशानुसार गैस आपूर्ति प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाया गया है। आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। आम जनता से अपील है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा समस्या होने पर जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक पंचायत में पंचायत सरकार भवन/पंचायत भवन में गैस वितरण कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। वहीं शहरी क्षेत्रों में नगर पंचायत एवं नगर परिषद के अंतर्गत तीन-तीन वार्डों का क्लस्टर बनाकर कंट्रोल रूम संचालित किए जा रहे हैं, ताकि उपभोक्ताओं को सुगमता से गैस उपलब्ध हो सके।सभी गैस एजेंसियों पर पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो वितरण प्रक्रिया की सतत निगरानी कर रहे हैं। कंट्रोल रूम के माध्यम से लाभुकों तक सीधे गैस आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।इसी क्रम में आज को जिले की 10 गैस एजेंसियों पर छापेमारी कर वितरण व्यवस्था, स्टॉक की उपलब्धता एवं समय पर आपूर्ति की जांच की गई। जांच में सभी एजेंसियों पर गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाया गया।जिला नियंत्रण कक्ष (दूरभाष संख्या-06453-222309) में 17 मार्च से 10 अप्रैल 2026 तक कुल 343 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 280 का निष्पादन किया जा चुका है, जबकि 63 शिकायतें लंबित हैं। इन लंबित मामलों को संबंधित एजेंसियों के एरिया मैनेजर को शीघ्र निवारण हेतु भेज दिया गया है।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

# सैन जयंती पर होगा 56 प्रतिभाओं का सम्मान समारोह को लेकर गांव-गांव जनसंपर्क

**संवाददाता ओमप्रकाश सैन कोटपूतली**



कोटपूतली 10 अप्रैल 26, संत शिरोमणि सैन जी महाराज की जयंती समारोह श्री सैन मंदिर विकास प्रबंधक एवं समाज उत्थान रजि. समिति के तत्वाधान में श्री सैन मंदिर पुतली में मनाई जाएगी। सैन जयन्ति अध्यक्ष नानक चन्द सैन ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हंसराज पटेल, ब्राह्मण महासभा राज. वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं. सूर्यकांत शर्मा, श्री नारायणी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील गहलोत, चेयरमेन हंसराज कसाना, भाजपा नेता शंकरलाल कसाना, अखिल भारतीय हरसोरा धाम प्रधान संजय सैन बानसूर, पत्रकार प्रहलाद सैन पावटा रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता कर रहे भामाशाह प्रधान राधेश्याम सैन फतेहपुर कलाँ के द्वारा 56 प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष वेद प्रकाश सैन ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिकाधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। समिति की ओर से तैयारियां जोर-जोर से की जा रही है। इसी क्रम में समिति के पदाधिकारीगण राधेश्याम सैन, नेतराम सैन, अजय सैन, संजय सैन, विक्रम सैन ने विभिन्न गांव में जनसंपर्क किया। एवं नगर परिषद क्षेत्र कोटपूतली में बनवारी लाल सैन, ओमप्रकाश सैन, नानक चंद सैन ने विभिन्न वार्डों में पहुंचकर समारोह में पधारने के लिए अपील की।

# समर्पण और सेवा की मिसाल बने प्रधानाध्यापक मोहन कुमार पासवान, शिक्षा के साथ मानवता का पाठ पढ़ाकर बच्चों का भविष्य संवार रहे हैं

**दैनिक शुभ भास्कर जयपाल सिंह पटना संवाददाता**



( खगौल दानापुर ) हर समाज में कुछ ऐसे लोग होते हैं, जिनका कार्य केवल जिम्मेदारी तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वे मानवता की मिसाल बन जाते हैं। खगौल के बालिगा मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहन कुमार पासवान ऐसे ही एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व हैं।शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान सराहनीय है। उनका मानना है कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि यह बच्चों के सर्वांगीण विकास का माध्यम है। वे छात्रों की समस्याओं को समझते हैं और उन्हें सही मार्गदर्शन देते हैं। उनके मार्गदर्शन में एक छात्र ने पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया।मोहन कुमार पासवान की पहचान केवल एक शिक्षक के रूप में नहीं, बल्कि एक संवेदनशील और सहयोगी व्यक्ति के रूप में भी है। वे जरूरतमंदों की हर संभव सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहते हैंकृचाहे वह छात्र हो, सहकर्मी हो या समाज का कोई भी व्यक्ति।सामाजिक क्षेत्र में भी उनकी सक्रिय भूमिका देखने को मिलती है। वे समय-समय पर अनाथालयों में जाकर बच्चों को प्रेरित करते हैं और उनके भीतर आत्मविश्वास जगाने का कार्य करते हैं।उनका जीवन यह संदेश देता है कि सच्ची सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों में नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में निहित है। उनकी ईमानदारी, मेहनत और सेवा भावना उन्हें समाज में एक विशेष पहचान दिलाती है।

# वेतनमान में विसंगति को लेकर श्री चित्रगुप्त महाविद्यालय के शिक्षकों का हल्लाबोल

राजवीर सिंह यादव ब्यूरो चीफमैनपुरी
दैनिक शुभ भास्कर






मैनपुरी स्थानीय श्री चित्रगुप्त महाविद्यालय में शिक्षकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रशासन के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। पदोन्नत वेतनमान का लाभ न मिलने से क्षुब्ध शिक्षकों ने महाविद्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। 10 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से शुरू हुए इस प्रदर्शन में न केवल कॉलेज के शिक्षक, बल्कि जिले के अन्य सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के प्राध्यापक भी एकजुटता दिखाने पहुंचे। शिक्षकों का कहना है कि शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद उन्हें उनके वाजिब हक से वंचित रखा जा रहा है।यह विवाद मुख्य रूप से 14 शिक्षकों के पदोन्नत वेतनमान से जुड़ा है, जिसके लिए प्रयागराज स्थित उच्च शिक्षा निदेशालय पहले ही आदेश जारी कर चुका है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि निदेशालय के सख्त रुख और निर्देश की अवहेलना करने पर प्राचार्य का वेतन रोकने तक की चेतावनी दी गई थी, फिर भी कॉलेज प्रबंधन टस से मस नहीं हुआ। इस प्रशासनिक उदासीनता के कारण शिक्षकों में भारी रोष है, क्योंकि वे लंबे समय से व्यक्तिगत और लिखित रूप में अपनी मांगें दोहरा रहे हैं, जिन्हें लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। वेतन विसंगति के अलावा शिक्षकों ने स्थायीकरण (कन्फर्मेशन लेटर) जैसे बुनियादी अधिकारों के हननकाभीमुद्दाउठायाआंदोलनकारियों के अनुसार, जो प्रक्रिया एक वर्ष में पूरी होनी चाहिए थी, वह चार साल बीत जाने के बाद भी अधूरी है। इसी क्रम में काली पट्टी बांधकर अपना विरोध जताते हुए शिक्षकों ने इसे मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न के खिलाफ एक सत्याग्रह करार दिया। उनका कहना है कि पूर्व में किए गए मौन प्रदर्शन का कोई परिणाम न निकलने के कारण अब उन्हें इस कड़े आंदोलन का रास्ता चुनना पड़ा है।शिक्षक संघ ने अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान करते हुए महाविद्यालय प्रशासन को अंतिम चेतावनी दी है। संघ का स्पष्ट कहना है कि यदि मार्च 2026 के वेतन में पदोन्नत वेतनमान लागू नहीं किया गया, तो इस आंदोलन को और अधिक तीव्र और व्यापक बनाया जाएगा। शहर कोतवाली क्षेत्र स्थित पुरानी बिल्डिंग में आयोजित इस प्रदर्शन के माध्यम से शिक्षकों ने यह साफ कर दिया है कि भविष्य में होने वाली किसी भी अशांति की पूरी जिम्मेदारी कॉलेज प्रबंधन की होगी।

## मैनपुरी में मतदाता पुनरीक्षण के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन, एक सप्ताह तक बूथों पर उपलब्ध रहेंगे बीएलओ

राजवीर सिंह यादव ब्यूरो चीफमैनपुरी दैनिक शुभ भास्कर

मैनपुरी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद की चारों विधानसभाओंकृमैनपुरी, भोगांव, किशनी और करहलकृमें 01 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर तैयार की गई मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्यामलता आनन्द ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के संपन्न होने के बाद अब अगले एक सप्ताह तक सभी बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) अपने-अपने मतदेय स्थलों पर अद्यतन निर्वाचक नामावली के साथ उपस्थित रहेंगे।अधिकारी ने जनपद के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अपना और अपने परिवार के सदस्यों का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से जांच लें। मतदाता अपने संबंधित मतदेय स्थल पर जाकर सूची का अवलोकन कर सकते हैं या जनपद की आधिकारिक वेबसाइट उंपदचनतप.दपब.पद पर लॉग इन करके डिजिटल माध्यम से भी अपना नाम सत्यापित कर सकते हैं।

मैनपुरी में मतदाता पुनरीक्षण के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन, एक सप्ताह तक बूथों पर उपलब्ध रहेंगे बीएलओ

राजवीर सिंह यादव ब्यूरो चीफमैनपुरी दैनिक शुभ भास्कर

मैनपुरी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद की चारों विधानसभाओंकृमैनपुरी, भोगांव, किशनी और करहलकृमें 01 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर तैयार की गई मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्यामलता आनन्द ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के संपन्न होने के बाद अब अगले एक सप्ताह तक सभी बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) अपने-अपने मतदेय स्थलों पर अद्यतन निर्वाचक नामावली के साथ उपस्थित रहेंगे।अधिकारी ने जनपद के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अपना और अपने परिवार के सदस्यों का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से जांच लें। मतदाता अपने संबंधित मतदेय स्थल पर जाकर सूची का अवलोकन कर सकते हैं या जनपद की आधिकारिक वेबसाइट उंपदचनतप.दपब.पद पर लॉग इन करके डिजिटल माध्यम से भी अपना नाम सत्यापित कर सकते हैं।

## सीता कुंड धाम परिसर मे चल रहे विकास कार्य का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण



अरुण कुमार द्विवेदी
चकिया पू.च.

सीताकुंड धाम का पुनर्विकास कार्य तेज़ गति से प्रगति पर है। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा 12.93 करोड़ की लागत से इस ऐतिहासिक तीर्थ स्थल को एक आधुनिक एवं सुविधाजनक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना है। विकास परियोजना के अंतर्गत सीता कुंड तालाब को 37 मीटर गोल आकार में पुनर्निर्माण व बलुआ पत्थर की सीढ़ियों के अलावा सुरक्षा रेलिंग एवं सुंदर जाली युक्त परिसर दीवार बनाने एंव मुख्य द्वार से तालाब तक दो-लेन की चौड़ी सड़क व ईट कलाकारी एंव छायादार शेड जिसमे सैलानियो व श्रध्दालुओं के बैठने के लिए व्यवस्था करने तथा 27 सौ वर्गफीट का कैफेटेरिया एंव दो कॉटेज व दो शौचालय परिसर के अलावा 12 दुकानें भी बनाना आदि शामिल है. जिससे श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को सभी तरह की आधुनिक सुविधाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी।शुक्रवार को जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल अनुमंडल पदाधिकारी शिवानी शुभम के साथ सीता कुंड धाम का स्थलीय निरीक्षण किया एवं निर्माण कार्य के प्रगति का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मोतिहारी को एसडीओ एंव पर्यटन प्रभाग की प्रभारी सुश्री निधि के साथ संयुक्त रूप से एक विस्तृत गुणवत्ता प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिया.यह परियोजना न केवल सीता कुंड तीर्थ स्थल का कायाकल्प करेगी, बल्कि पूर्वी चम्पारण की सांस्कृतिक पहचान को और मज़बूत करेगी। स्थानीय लोगों को रोज़गार के नए अवसर मिलेंगे, क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा एवं आस-पास के गाँवों का आर्थिक विकास होगा। इस कार्य को निर्धारित समय-सीमा (08 दिसम्बर 2026) के अंदर पूर्ण कराया जाएगा।

## हथियार के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार, दर्जनों मुकदमों में वांछित था आरोपी

राजवीर सिंह यादव ब्यूरो चीफमैनपुरी दैनिक शुभ भास्कर

मैनपुरी उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अपराधी धरपकड़ अभियान के तहत बिछ्वां पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम लोधीपुर निवासी सचिन उर्फ सीटू यादव पुत्र सुनील कुमार को कुरावली-मैनपुरी रोड पर ग्राम नारायनपुर के पास से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पकड़े गए अभियुक्त का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है, जिस पर जिले के विभिन्न थानों में आबकारी अधिनियम, आईटी एक्ट और मारपीट जैसे कई गंभीर मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी आशीष दुबे और उनकी टीम की मुख्य भूमिका रही।

## एसपी ने जांची पुलिसकर्मियों की फिटनेस, पुलिस लाइन का किया औचक निरीक्षण



राजवीर सिंह यादव ब्यूरो चीफमैनपुरी दैनिक शुभ भास्कर

मैनपुरी। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी ली और अनुशासन का पाठ पढ़ाया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई और टोलीवार ड्रिल का अभ्यास करायापरेड के उपरांत एसपी ने पुलिस लाइन परिसर का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने यूपी-112 की गाड़ियों, पुलिस भोजनालय, यातायात कार्यालय, कंट्रोल रूम, शस्त्रागार और परिवहन शाखा का जायजा लिया। भोजनालय की जांच के दौरान उन्होंने भोजन की गुणवत्ता और साफ-सफाई पर विशेष जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।एसपी साहा ने कहा कि पुलिस सेवा में अनुशासन और एकरूपता सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने शस्त्रागार में हथियारों के रखरखाव को परखा और परिवहन शाखा को वाहनों की फिटनेस दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन की स्वच्छता व्यवस्था को लेकर भी कड़े निर्देश जारी किए गए।

# मैनपुरी में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, 12.58 लाख से अधिक मतदाता दर्ज

राजवीर सिंह यादव ब्यूरो चीफमैनपुरी
दैनिक शुभ भास्कर



मैनपुरी जिला निर्वाचन अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने कलैक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुएविधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के बाद अंतिम आलेख्य का प्रकाशन किया। अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर तैयार की गई इस नई सूची के अनुसार, जनपद में अब कुल 12,58,963 वैध मतदाता पंजीकृत हैं। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की प्रतियां भी उपलब्ध कराई गई निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि पुनरीक्षण प्रक्रिया के आरंभ में जनपद में कुल 14,03,413 मतदाता दर्ज थे, लेकिन सत्यापन और शुद्धिकरण के व्यापक अभियान के बाद इस संख्या में बदलाव आया है। प्रक्रिया के दौरान लगभग 2.27 लाख ऐसे मतदाताओं के नाम हटाए गए जो या तो मृतक थे, स्थायी रूप से कहीं और शिफ्ट हो गए थे या जिनके नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज थे। आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शिता बरतते हुए मतदाता सूची को अधिक शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने का प्रयास किया गया है।नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए चलाए गए विशेष अभियान के तहत प्रशासन को फॉर्म-06 के माध्यम से कुल 90,684 आवेदन प्राप्त हुए थे। गहन परीक्षण और सत्यापन के उपरांत इनमें से 89,166 नए मतदाताओं के नाम सूची में सम्मिलित किए गए हैं, जबकि शेषआवेदनों पर नियमा नुसार कार्यवाही जारी है। श्री सिंह ने बताया कि बीएलओ और राजनैतिक दलों के एजेंटों के सहयोग से 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं को सूची में शामिल करने के लिए जिला प्रशासन ने भरसक प्रयास किए हैं अंत में जिला निर्वाचन अधिकारी ने आमजन और युवाओं से अपील की कि यदि कोई पात्र नागरिक अभी भी पंजीकरण से वंचित है, तो वह ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म-06 भरकर अपना नाम जुड़वा सकता है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्यामलता आनन्द, विधायक बृजेश कठेरिया सहित भाजपा, सपा, कांग्रेस, बसपा और अन्यराजनैतिक दलों के जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर नागरिक निर्धारित प्रक्रिया के तहत संशोधन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# मैनपुरी पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को गति देने के निर्देश, सीडीओ ने की समीक्षा बैठक

राजवीर सिंह यादव ब्यूरो चीफमैनपुरी दैनिक शुभ भास्कर



मैनपुरी मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु की अध्यक्षता में विकास भवन में श्पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजनाश् की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान सीडीओ ने जनपद में सोलर रूफटॉप स्थापना की वर्तमान स्थिति पर चर्चा करते हुए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में प्रतिदिन न्यूनतम 10 ऑनग्रिड सोलर पावर प्लांट की स्थापना सुनिश्चित कीजाएताकिउपभोक्ताओं को सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा के साथ-साथ बिजली बिलों में राहत मिल सके।योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सीडीओ ने बैंकिंग क्षेत्र और विद्युत विभाग को विशेष निर्देश जारी किए। एलडीएम और बैंक प्रतिनिधियों को ऋण प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और त्वरित बनाने को कहा गया है ताकि लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण हो सके। साथ ही, अधिशाषी अभियंता विद्युत को समय पर बिजली बिल निर्गमन, स्मार्ट मीटर की स्थापना और सोलर प्लांट की कमीशनिंग रिपोर्ट जल्द तैयार करने के निर्देश दिएगए,जिससेलाभार्थियों को बचत का लाभ समय पर मिल सके। बैठक में वेंडर्स ने जनपद में उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता की पुष्टि की, जिस पर सीडीओ ने उन्हें गुणवत्ता मानकों का पालन करते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक से अनुपस्थित रहने वाले बैंकों के जिलासमन्वयकों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए हैं। अंत में, सभी अधिकारियों को योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार और निर्धारित लक्ष्यों की गंभीरता से प्राप्ति हेतु उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया।

# मिलावटखोरों पर कसें शिकंजा, जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं– जिलाधिकारी

राजवीर सिंह यादव ब्यूरो चीफमैनपुरी दैनिक शुभ भास्कर



मैनपुरी जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की त्रैमासिक बैठक में सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में किसी भी दशा में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि जन स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोरतम दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने खाद्य निरीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर प्रवर्तन कार्यवाही करने और हथठेले वालों को सुरक्षित खाद्य सामग्री के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान पिछले एक वर्ष की उपलब्धियों का विवरण साझा किया गया, जिसमें 1712 प्रतिष्ठानों के निरीक्षण और 385 विधिक नमूने संग्रहित किए जाने की जानकारी दी गई। विभाग द्वारा की गई प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप, न्यायालय ने राजधानी स्वीट्स को असुरक्षित चिली पोटेटो और पेस्ट बेचने के मामले में छह माह के कारावास और भारी जुर्माने से दंडित किया है। जिलाधिकारी ने लंबित वादों के त्वरित निस्तारण और नमूनों की जांच रिपोर्ट समय से मंगाने पर जोर दिया ताकि दोषियों को जल्द सजा मिल सके।औषधि विभाग की समीक्षा करते हुए ड्रग निरीक्षक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में नियमित जांच के दौरान मानकों का उल्लंघन करने वाले 32 लाइसेंस निलंबित और 10 निरस्त किए गए हैं। मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में लाइसेंस की शर्तों के उल्लंघन का मुद्दा उठाया, जिस पर जिलाधिकारी ने ग्रामीण मेडिकल स्टोरों की सघन जांच के आदेश दिए। जनपद में वर्तमान में 479 थोक और 1457 फुटकर औषधि लाइसेंस धारक सक्रिय हैं, जिनकी नियमित निगरानी केनिर्देशदिएगएहैकलेक्ट्रेट में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में अपर जिलाधिकारी श्याम लता आनंद, क्षेत्राधिकारी नगर संतोष कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और केमिस्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. ए.के. पाठक ने किया। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि बाजार में केवल गुणवत्तायुक्त और मानक के अनुरूप सामग्री की बिक्री सुनिश्चित की जाएगी और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की भी जवाबदेही तय होगी।

## मेनपुरी असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा सरमा का पुतला फूँका, कांग्रेसियों ने की जाँच की माँग



राजवीर सिंह यादव ब्यूरो चीफमैनपुरी दैनिक शुभ भास्कर

मैनपुरी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने जिलाध्यक्ष गोपाल कुलश्रेष्ठ की अध्यक्षता में मैनपुरी नगर के मुख्य बाजार में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा सरमा का पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने असम सीएम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनके बयानों को लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ बताया।प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष गोपाल कुलश्रेष्ठ ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रवक्ता पवन खेड़ा के विरुद्ध जिस तरह की अभद्र और अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया है, वह अत्यंत शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा नफरत की राजनीति करना लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है।अवैध संपत्ति और पासपोर्ट मामले में घेराकुलश्रेष्ठ ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा हिंदुत्व के नाम पर वोट मांगती है, जबकि उनके ही मुख्यमंत्री की पत्नी के पास यूएई, एंटीगुआ-बारबुडा और मिस्र जैसे देशों के पासपोर्ट हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि दो मुस्लिम देशों के पासपोर्ट होना विचारणीय विषय है और भारतीय कानून इसकी अनुमति नहीं देता। कांग्रेस पार्टी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से देश की सुरक्षा की दृष्टि से मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा सरमा, उनकी पत्नी रिनिकी भुइयां और उनकी कथित अवैध संपत्तियों की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।ये रहे इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य अरविंद यादव, पीसी चतुर्वेदी, भीमसेन कठेरिया, शरद पचौरी, अनुपम शाक्य, डॉ. नवीन शर्मा, श्री कृष्ण तिवारी, सुखवीर यादव, हरेन्द्र यादव, गौरव कुमार खेड़ा, मोनू यादव, जितेंद्र राठौर, दीप चंद्र भारतीय, अंकुर कुमार, नकुल शाक्य, दीपक राजपूत, वाजिफ अली, सुधीर यादव, अतुल दुबे, प्रशांत कुमार, राकेश कुमार, जितेंद्र कुमार, रिंकू कठेरिया, पंकज कुमार, अंकित शर्मा और जितेंद्र राजपूत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समर्पण और सेवा की मिसाल बने प्रधानाध्यापक मोहन कुमार पासवान, शिक्षा के साथ मानवता का पाठ पढ़ाकर बच्चों का भविष्य संवार रहे हैं



दैनिक शुभ भास्कर जयपाल सिंह पटना संवाददाता

(खगौल दानापुर) हर समाज में कुछ ऐसे लोग होते हैं, जिनका कार्य केवल जिम्मेदारी तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वे मानवता की मिसाल बन जाते हैं। खगौल के बालिगा मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहन कुमार पासवान ऐसे ही एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व हैं।शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान सराहनीय है। उनका मानना है कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि यह बच्चों के सर्वांगीण विकास का माध्यम है। वे छात्रों की समस्याओं को समझते हैं और उन्हें सही मार्गदर्शन देते हैं। उनके मार्गदर्शन में एक छात्र ने पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया।मोहन कुमार पासवान की पहचान केवल एक शिक्षक के रूप में नहीं, बल्कि एक संवेदनशील और सहयोगी व्यक्ति के रूप में भी है। वे जरूरतमंदों की हर संभव सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहते हैंकृचाहे वह छात्र हो, सहकर्मी हो या समाज का कोई भी व्यक्ति।सामाजिक क्षेत्र में भी उनकी सक्रिय भूमिका देखने को मिलती है। वे समय-समय पर अनाथालयों में जाकर बच्चों को प्रेरित करते हैं और उनके भीतर आत्मविश्वास जगाने का कार्य करते हैं।उनका जीवन यह संदेश देता है कि सच्ची सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों में नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में निहित है। उनकी ईमानदारी, मेहनत और सेवा भावना उन्हें समाज में एक विशेष पहचान दिलाती है।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राजकीय चौत्र पर्व-सह-छऊ महोत्सव का आमंत्रण



## सरायकेला उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह ने की मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट, महोत्सव की तैयारियों से कराया अवगत

दैनिक शुभ भास्कर झारखंड ब्यूरो चीफसुनीता देवी।

रांची/सराइकेला- मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में सराइकेला-खरसावां के उपायुक्त श्री नीतीश कुमार सिंह ने शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान उपायुक्त ने मुख्यमंत्री को सरायकेला में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक श्राजकीय चौत्र पर्व-सह-छऊ महोत्सव-2026श् में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया।तीन दिवसीय यह राजकीय महोत्सव कल यानी 11 अप्रैल से 13 अप्रैल 2026 तक सराइकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। यह पर्व क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विश्व प्रसिद्ध छऊ नृत्य के संरक्षण और प्रदर3

# सेल प्रबंधन लाठी के जोर पर विस्थापितों का हक मारने की कोशिश नहीं करें, जनता सड़क पर उतरी तो लाठी कम पड़ जाएंगे - जोबा माझी

दैनिक शुभ भास्कर झारखंड ब्यूरो चीफ सुनीता देवी।।

**गुवा पहुंची सांसद जोबा माझी ने विस्थापितों के साथ की बैठक, झामुमो जिला कमेटी के पदाधिकारी भी रहे उपस्थित, जल्द आयोजित होगी त्रिपक्षीय वार्ता**



गुवा नोवामुंडी प्रखंड के गुवा में सेल प्रबंधन द्वारा स्थानीय लोगों को विस्थापित किये जाने के मामले को लेकर शुक्रवार को सांसद जोबा माझी गुवा पहुंची। सांसद के साथ झामुमो जिलाध्यक्ष सोनाराम देवगम, सचिव राहुल आदित्य, प्रवक्ता बुधराम लागुरी समेत जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन, जिला परिषद सदस्य देवकी कुमारी, मुखिया चाँदमनी लागुरी भी उपस्थित रही। यहां पहुंचने पर विस्थापित परिवार और झामुमो समर्थकों ने सांसद का जोरदार स्वागत किया। गुवा में विस्थापन और सेल प्रबंधन द्वारा किये जा रहे अन्याय के संबंध में विस्थापितों ने बारी-बारी से अपनी व्यथा सुनाई। विस्थापितों ने कहा उनके पूर्वजों ने अपने खून पसीने से सेल को सींचा है। लेकिन आज हमें नई परियोजना के नाम पर घर से बेदखल किया जा रहा है। विस्थापितों ने घर के बदले घर, सर्वे में छूटे हुए परिवारों को शामिल करने समेत कई मांगो को रखा। विस्थापितों ने कहा सेल के किसी भी परियोजना का वह विरोध नहीं करते हैं, लेकिन उन्हें उजाड़ने की कोशिश होगी तो जोरदार विरोध करेंगे। विस्थापितों की मांगों का समर्थन करते हुए सांसद जोबा माझी ने कहा सेल प्रबंधन यहां के स्थानीय लोगों पर जुल्म करना बंद करें, अगर लाठी के बल पर कोई भी अन्यायपूर्ण कार्य करने की कोशिश करती है तो इतना जोरदार आंदोलन होगा कि लाठी कम पड़ जाएगा। गुवा के विस्थापितों को अपना परिवार बताते हुए सांसद ने कहा आपको किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी, अगर लाठी चलेगा तो सबसे आगे की पंक्ति में मैं खड़ी रहूंगी। सांसद ने कहा सेल प्रबंधन जनता की ताकत को नहीं जानती है। भारत देश और झारखंड अलग राज्य भी लंबी लड़ाई और कुर्बानी के बाद प्राप्त हुआ था। यहां के एक भी परिवार को बेघर नहीं होने दिया जाएगा। कहा की जरूरत पड़ी तो गुवा के विस्थापितों के मामले को संसद में रखने का काम करेंगे और सेल के खनिज परिवहन कार्य को बाधित करेंगे। उन्होंने बताया कि जल्द ही मामले को लेकर त्रिपक्षीय वार्ता का आयोजन होगा, जिसमें हम मांगो को प्रमुखता से रखेंगे। बैठक को जिप अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन, झामुमो जिलाध्यक्ष सोनाराम देवगम, सचिव राहुल आदित्य, देवकी कुमारी ने भी संबोधित किया। बैठक में बामिया माझी, मानकी लागुरा देवगम, मोहम्मद तबारक, अभिषेक सिंकु समेत बड़ी संख्या में विस्थापित परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# डुमरा अंचल अधिकारी डौली कुमारी निलंबित, कई गंभीर आरोप।

दैनिक शुभ भास्कर झारखंड ब्यूरो चीफसुनीता देवी।



बिहार /सीतामढ़ी, बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने डुमरा, सीतामढ़ी की अंचल अधिकारी डौली कुमारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। विभाग द्वारा जारी संकल्प के अनुसार उनके खिलाफकई गंभीर आरोप पाए गए हैं।जारी आदेश में कहा गया है कि श्रीमती कुमारी ने माननीय मुख्यमंत्री की संभावित यात्रा के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं नहीं कीं। इसके अलावा उन्होंने उप-मुख्यमंत्री सह विभागीय मंत्री के भूमि सुधार जन कल्याण संवाद कार्यक्रम में भी भाग नहीं लिया, जिसे विभागीय कार्यक्रम की अवहेलना माना गया है।आरोप है कि मार्च 2026 में मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित विभागीय निर्देशों का पालन नहीं किया गया तथा व्यय एवं उपयोगिता प्रमाण-पत्र भी जमा नहीं किया गया। वहीं राजस्व संग्रह के निर्धारित लक्ष्य 288.38 लाख रुपये के मुकाबले केवल 69.82 लाख रुपये की वसूली की गई, जिससे वित्तीय प्रबंधन प्रभावित हुआ।इसके अतिरिक्त उच्च न्यायालय के अतिक्रमण हटाने संबंधी आदेशों का पालन नहीं करने तथा जनगणना 2027 जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतने का भी आरोप लगाया गया है। विभागीय निर्देशों एवं कई स्मरण पत्रों की अनदेखी भी उनके खिलाफकार्रवाई का आधार बनी है।विभाग ने इन कृत्यों को बिहार सरकारी सेवक आचरण नियमावली, 1976 के नियम 3(1) का उल्लंघन माना है। इसी आधार पर बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के तहत उन्हें निलंबित किया गया है।आदेश में स्पष्ट किया गया है कि निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार केवल जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। साथ ही इस अवधि के दौरान उनका मुख्यालय आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया निर्धारित किया गया है। उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई अलग से की जाएगी।यह आदेश बिहार राज्यपाल के आदेश से अवर सचिव अशोक कुमार द्वारा जारी किया गया है।

# रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान एवं संवाद

## सरकार की योजनाओं का आमजन को मिले लाभ : जिला कलक्टर



दैनिक शुभ भास्कर किशन लाल मेघवाल राजस्थान चित्तौड़गढ़, जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने गुरुवार को निम्बाहेड़ा उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत अरनिया जोशी के मुख्यालय पर आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की जन समस्याएं सुनीं तथा कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया, चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं एवं मांगें जिला प्रशासन के समक्ष रखीं।रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसलिए प्रशासन गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुन रहा है और उनका त्वरित समाधान कर रहा है उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो प्रकरण मौके पर निस्तारित नहीं हो सके हैं, उनका शीघ्र निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।इस अवसर पर जिला कलक्टर ने ग्राम पंचायत क्षेत्र के 10वीं एवं 12वीं कक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया तथा विद्यार्थियों से संवाद भी किया उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह समय पढ़ाई और खेलकूद का है, इसलिए टीवी, मोबाइल और किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहकर अपने लक्ष्य की ओर मेहनत करें उन्होंने बताया कि उन्होंने भी 12वीं तक की पढ़ाई सरकारी विद्यालय में हिंदी माध्यम से की है और निरंतर मेहनत से ही सफलता प्राप्त होती है।जिला कलक्टर ने अभिभावकों से भी अपील करते हुए कहा कि बच्चों पर पढ़ाई को लेकर अनावश्यक दबाव न डालें, बल्कि उन्हें अपने रुचि के अनुसार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें और सहयोग प्रदान करें।रात्रि चौपाल में ग्रामीणों द्वारा पेयजल समस्या, सड़क निर्माण, टूटी सड़कों की मरम्मत, साफसफाई व्यवस्था, नालों की सफाई, भूमि पट्टे बनाने, गंभीरी डेम की भूमि का म्यूटेशन खोलने, खेतों तक रास्ता उपलब्ध कराने, पुलिया निर्माण, राजस्व रिकॉर्ड सुधार, राजस्व बंटवारा, खातेदारी, नई आबादी में आम रास्ता शुरू करने, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली कनेक्शन, डीपी परिवर्तन, पेंशन, फसल बीमा की किस्त का भुगतान तथा मंदिर में लाइट कनेक्शन जैसी विभिन्न समस्याएं रखी गईं। जिला कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।रात्रि चौपाल में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद विनय पाठक, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश पुरोहित, उपखण्ड अधिकारी विकास पंचोली, तहसीलदार, विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



# सोशल एंड मोटिवेशनल ट्रस्ट द्वारा ब्रजभूमि वृंदावन में साहित्य सह वार्षिक समारोह

संवाददाता श्रीकान्त यादव

नई दिल्ली सोशल एंड मोटिवेशनल ट्रस्ट के उपरोक्त आयोजन से वृंदावन की पावन धरती कवियों के काव्य समागम से कृष्णमय हो गई। संस्था के संस्थापक रवीन्द्र नाथ सिंह एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता सिंह के साथ प्रथम सत्र में मंचासीन सम्मानित अतिथियों, प्रमिला भारती, जय सिंह आर्य, डा प्रीता पवार, राजपाल यादव, अनिल प्रसाद, धर्मदेव यादव धर्मेश, इंद्रजीत तिवारी निर्भिक, उर्मिला मिश्रा एवं राकेश सक्सेना शम्श द्वारा दीप प्रज्वलन के पश्चात अर्चना झा अन्नू के सरस्वती वन्दना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। अर्चना झा अन्नू, ममता झा, ममता ठाकुर और अनिता निधि द्वारा संस्था गान की प्रस्तुति भी अत्यंत सराहनीय रही। द्वितीय सत्र में विशिष्ट अतिथि पूर्व स्पेशल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट, मित्र संगम काव्य मंच नई दिल्ली के अध्यक्ष ओम सपरा, पत्रकार, डॉ आलोक सक्सेना, आर्टिस्ट एवं जूम मीडिया चौनल के संचालक प्रदीप कुमार आर्यन, डॉ अदिति सक्सेना, प्रतिभा सपरा, अनिल मासूम आदि लगभग 20 विशेष अतिथियों को सम्मान प्रतीक, सर पर वृंदावन की पारंपरिक टोपी और अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

बाद में संस्था के माध्यम से प्रकाशित 11 काव्य पुस्तकों का विमोचन हुआ।इन पुस्तकों के विवरण निम्न प्रकार से हैंरू साज-ए- ग़ज़ल दृगजल संग्रह -रवींद्र नाथ सिंह, आत्ममंथन काव्य पुस्तक - रवींद्र नाथ सिंह, जीवन के फ्लसफे, लघुकथा संग्रह -ममता सिंह, अमृत वर्षा , काव्य पुस्तक- ममता सिंह, संवेदनरू सुखे टूटे प्रतिमान, काव्य पुस्तक -प्रमिला भारती, सुखद अनुभूति, गजल संग्रह - प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, जुगलबंदी शब्दों की, काव्य पुस्तक - कमल धमीजा भक्ति रसामृत , भक्ति गीत संग्रह -जयवीर सिंह अत्री, तपस्विनी, उपन्यास -डा रजनी दुर्गेश,नारीरू संघर्ष से सृजन तक, साझा लघुकथा तथा मेरा भारत मेरा गौरव, साझा काव्य पुस्तक।श्री रवींद्र नाथ सिंह, संस्थापक, ममता सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्षा, पी के श्रीवास्तव, नोयडा अध्यक्ष, रथिंद्र नाथ झा, राष्ट्रीय सलाहकार, ममता झा, अध्यक्षा, झारखंड इकाई, अनिता निधि, अध्यक्षा, जमशेदपुर, अनिल प्रसाद, संरक्षक, पटना, पूनम देवी पृथा, अध्यक्षा, पश्चिम बंगाल, कमल धमीजा, अध्यक्ष फरीदाबाद ने अपने उद्बोधन में संस्था की संपूर्ण गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाले। संस्था द्वारा पूर्व में आयोजित विशेष प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर जयवीर सिंह अत्री को सम्मान पत्र प्रदान किया गया। शब्दों की मूरत काव्य पाठ अभिनय प्रतियोगिता में चयनित अन्य विभिन्न प्रतियोगिताओं के नाम की घोषणा हुई, जो निम्न प्रकार से हैप्रथम स्थानरूसरिता विजय शर्मा, प्रथम स्थानरू स्वाति पूजा, द्वितीय स्थानरूरचना मिश्रा, तृतीय स्थानरूविनीता सिंह। सामान्य हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिताप्रथम स्थानरूजयवीर सिंह अत्री, द्वितीय स्थानरू आरती झा आद्या।जिन साहित्यकारों के सम्मान प्रतीक, अंग वस्त्र, ब्रजभूमि की पारंपरिक टोपी से सम्मान किया गया। इसके उपरांत काव्य पाठ संपन्न हुए उनके नाम निम्न प्रकार से हैं सर्वश्रीजयवीर सिंह अत्री, गाजियाबाद, बबली सिन्हा गाजियाबाद,ज्योत्सना प्रसाद, पटना,आलोक मंजरी (डाल्टनगंज), अंजलि किशोर, पश्चिम बंगाल, रबीन्द्रनाथ सिंह, आभा मुखर्जी, डाल्टनगंज, कुसुम मंगला, उत्तराखंड, अनीता निधि, जमशेदपुर, बीना श्रीवास्तव, उत्तराखंड, सुधा कुमारी जूही, विशाखापट्टनम, स्मिता श्रीवास्तव, लखनऊ, रीना प्रेम दुबे, डाल्टनगंज, जय सिंह आर्य, ओम सपरा, प्रतिभा सपरा (दिल्ली), अनिल मासूम, विनीत कुमार राय, बनारस, ममता सिंह, नोएडा, ममता कर्ण, जमशेदपुर, डा रमेश त्रिपाठी मछंद (ग्वालियर), डॉ चेतन बिहारी सक्सेना, धर्मदेव यादव 'धर्मेश' गाजीपुर से, शेफालिका दत्ता, रांची, राकेश सक्सेना शम्स, अवधेश कुमार पांडे, डाल्टनगंज, अनिल प्रसाद, पटना, विजय शंकर मिश्रा, डाल्टनगंज, मैत्रेई त्रिपाठी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, निर्मला डोंगरे, जबलपुर, प्रमिला भारती, दिल्ली, वृंदावन से साकेत कुलश्रेष्ठ, ओकल, इंदु तिवारी, डाल्टनगंज, डॉ पूनम सिंह, लखनऊ, पूनम देवी पृथा, पानागढ़, बंगाल, राजपाल यादव, गुड़गांव, आभा झा, दिल्ली, इंद्राणी सिन्हा, पुणे , ममता झा, डाल्टनगंज, पीके श्रीवास्तव, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, मीनाक्षी गुप्ता, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, अर्चना झा अन्नू, दिल्ली, निशा सक्सेना, दिल्ली,ममता ठाकुर मैत्री, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, कमल धमीजा, फरीदाबाद, रजनी दुर्गेश, देहरादून,आर डी शर्मा, दिल्ली, संजय कुमार ओझा, गाजियाबाद, भगवान भारतीय, अनुपमा श्रीवास्तव, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, करमेश सिन्हा, नोएडा, सुधीर सिंह सुधाकर, नरेश उनियाल, उत्तराखण्ड एवं अरविंद कुमार पाण्डेय, मुम्बई। सुस्वादु भोजन और चाय नास्ते के बीच तीन सत्रों का कुल 10 घंटे का समय कब समाप्त हुआ, किसी को अहसास नहीं हो पाया। सभी काव्य रस में विभोर होकर सुबह से रात तक इस कार्यक्रम का आनंद लेते रहे।

तीनों सत्रों के संचालन में क्रमशः संचालिका मंडल की सदस्या भावना अरोरा श् मिलन श, पूनम देवी पृथा और अर्चना झा हिना के मंच संचालन में यह कार्यक्रम बहुत हीं रोमांचक रहा। निवेदक मंडल के सदस्य रथिंद्र नाथ झा, आर डी शर्मा, ममता झा, इंद्राणी सिन्हा एवं अनिता निधि एवं कमल धमीजा जी का कार्यक्रम की सफलता में विशेष योगदान था, यद्यपि संस्था के सभी सदस्यों का समर्पण और योगदान अत्यंत सराहनीय था।रथिंद्र नाथ झा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम के समापन की घोषणा हुई।दिल्ली स्थित अखिल भारतीय स्वयंसेवी संस्था सोशल एंड मोटिवेशनल ट्रस्ट साहित्य,कला, संस्कृति और समाज सेवा के क्षेत्र में समर्पित अंतरराष्ट्रीय संगठन के रुप में अपनी अलग पहचान रखकर समाज के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है और नवांकुर तथा स्थापित साहित्यकारों के लिए मंच प्रदान करते हुए हिंदी के उत्थान में अग्रसर है। इसी कड़ी में इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। वर्षा के सुहाने मौसम में कार्यक्रम का वातावरण बहुत अच्छा और सुखद बन गया और सभी व्यक्तियों को मौसम का खूब आनंद उठाया। इस उत्तम साहित्यिक आयोजन की सभी मित्रों, कविजन, श्रोताओं ने भूरी भूरी प्रशंसा की।

# स्कूल चलो अभियान रैली निकाल कर बच्चों ने संदेश दिया



दैनिक शुभ भास्कर हरि सिंह राजपूत राजस्थान उदयपुर बड़गांव तहसील में ग्राम पंचायत बड़ी स्कूल में बच्चों और शिक्षकों ने जागरूकता रैली निकाली और यह संदेश दिया कि अपने बच्चों को स्कूल भेजो और शिक्षित बनो स्कूल के सारे अध्यापक मौजूद रहे यह जानकारी ग्राम पंचायत बड़ी के सरपंच मदन पंडित ने दी

# जयनगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई,जाली नोट मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

जयनगर / मधुबनी
संवाददात दैनिक शुभ भास्कर



जयनगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए जाली नोट कारोबार से जुड़े एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान मो. ओबैश आलम के रूप में हुई है, जो पंडौल थाना क्षेत्र के उदयपुर विदुआर गांव, वार्ड संख्या 12 का निवासी है।इस संबंध में जानकारी देते हुए जयनगर थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि उक्त आरोपी लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वह अपने घर में छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया और तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई की योजना बनाई गई।थानाध्यक्ष के अनुसार, एसआई सूरज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने पंडौल थाना क्षेत्र में छापेमारी कर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

# इंडविंग ट्रेडिंग एंड मार्केटिंग प्रा.लिमिटेड की पहल से न केवल बेरोजगारी दूर होगी,बल्कि इससे हमारा कल भी बदलेगा - कुमार चंदन

**बेरोजगारी दूर कर भविष्य निर्माता बनने के लिए 8540065719 एवं 9229304741पर संपर्क करने की किया अपील**

गौतम सुमन गर्जना/भागलपुर



हर तरह के बाईक से लेकर सभी वाहनों के इंजन की जान, देश की शान इंडविंग का हो साथ तो फिक्र की छोड़ो बात और पहले इसका इस्तेमाल करें - फिर इस पर विश्वास करें की संदेश के साथ इंडविंग ट्रेडिंग एंड मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर कुमार चंदन ने अपनी टीम के साथ शुक्रवार को आदमपुर स्थित एक होटल में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। राष्ट्रीय स्तर के इस विश्वसनीय ऑयल ब्रांडरइंडविंग ट्रेडिंग एंड मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर कुमार चंदन ने मीडिया को बताया कि पेट्रोकेमिकल्स क्षेत्र में भारत की अग्रणी कम्पनी इंडविंग ट्रेडिंग एंड मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली, पटना,रांची और भागलपुर शाखा में आपके लिए रोजगार एवम स्वरोजगार का बेहतरीन मोका लेकर आया है,इसलिए बगैर कोई देर किये आज ही हमारे मोबाइल नंबर 8540065719 एवं 9229304741पर संपर्क कर कम लागत पर शुरूआत करें खुद का अपना व्यापार। उन्होंने इस व्यापार व रोजगार के लिये प्रीमियम गुणवता,मार्केटिंग सपोर्ट, न्यूनतम निवेश,बेस्ट डील और बेस्ट प्रॉफिट का वचन दिया और कहा कि इंडविंग ट्रेडिंग एंड मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड की पहल से न केवल बेरोजगारी दूर होगी,बल्कि इससे हमारा कल भी बदलेगा। इंडविंग ट्रेडिंग एंड मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर कुमार चंदन ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि बिहार- झारखंड के युवाओं को इंडविंग ट्रेडिंग एंड मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड में स्थाई रोजगार मिलना शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम मेट्रिक पास की योग्यता रखने वाले युवा को भी हम रोजगार मुहैया कराने को कृतज्ञ हैं। कुमार चंदन ने कहा बिहार- झारखंड उनका जन्म व कर्म क्षेत्र है, इसलिए हमारी दिली कोशिश रहेगी कि बिहार- झारखंड के ज्यादे से ज्यादे बेरोजगार युवाओं को हम रोजगार मुहैया करा पाएं। कुमार चंदन ने कार्य विस्तार पर चर्चा करते हुए कहा कि हमारे यहाँ सभी इंजन ऑयल को सेवंथ लेयर फिल्टर करके तैयार किया जाता है, यह क्वालिटी में औरों से ज्यादा चलता है। सबसे बड़ी बात यह है कि हमारा प्रोडक्ट कभी एक्सपायर नहीं होता है। बाजार से कम दरों पर क्वालिटी में बेस्ट, स्टेंडर्ड और साउंडलेस होने के साथ ही यह इंजन ऑयल बाईक से लेकर सभी वाहनों के लिये संजीवनी बनकर कार्य करता है। यही कारण है कि हमारी कंपनी को कई बार राष्ट्रीय स्तर पर अवार्ड प्राप्त हुआ है। कुमार चंदन ने आश्वासन दिया कि लोगों का यदि सहयोग और मजबूती से साथ मिलेगा,तो बहुत ही जल्द बिहार- झारखंड मेंइंडविंग ट्रेडिंग एंड मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड का मैनुफैक्चरिंग युनिट भी लगेगा,जिससे रोजगार की संभावनाए बिहार में और बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि इंडविंग अपनी क्वालिटी के दम पर बाजार में अपनी अलग पहचान बना रही है,यही वजह है कि बिहार- झारखंड के कई जिलों में भी इंडविंग का डिमांड इतने कम समय में बहुत ज्यादा होने लगा है।स्वरोजगार का सुनहरा अवसर की बात करते हुए कुमार चंदन ने कहा कि इससे आपकी अपनी पहचान बनेगी और आपका अपना व्यवसाय होगा ! उन्होंने इंडविंग ट्रेडिंग एंड मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड के साथ जुड़कर कम लागत में दमदार कमाई वाला व्यवसाय शुरू करने की अपील की। पत्रकारों के सवाल क्यों जुड़ें इस इंडविंग के साथ का जवाब देते हुए कुमार चंदन ने इसे भरोसेमंद कंपनी के साथ काम करने का अवसर बताया और कहा किपेट्रोकेमिकल उत्पादों की बढ़ती मांग,कम निवेश में बड़ा मुनाफ़, कंपनी से सीधा सपोर्ट और मार्गदर्शन के साथ इंडविंग ट्रेडिंग एंड मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड आपको अपने जिले में खुद का व्यवसाय खड़ा करने का मौका दे रही है। उन्होंने कहा कि हमारी कंपनी आपको सीधे तौर पर अपना भविष्य निर्माता बनने का अवसर दे रही है। इस मौके पर मार्केटिंग मैनेजर रितेश घोष, मुंगेर डिस्ट्रीब्यूटर अमित कुमार, नवगछिया डिस्ट्रीब्यूटर मनोज कुमार साह, बेगूसराय के गौरव वर्मा, खगड़िया के ब्रजेश कुमार निराला,बांका के मुफ्ती अंसारी, कटिहार-पूर्णिया के आकाश कुमार, नाथनगर के ऋषव कुमार लाल, भागलपुर-बांका के रंजन कुमार, देवघर के जयप्रकाश शर्मा के अलावा पीयूष कुमार, कौशल सिंह, दिलखुश जी, चंचल कुमार,संजीत झा आदि उपस्थित थे।

# स्कूली वाहन में 80 बच्चों को ठूंसकर ढोया जा रहा, हादसे का इंतजार कर रहा प्रशासन?

सुरक्षा मानकों की खुली धज्जियां, अभिभावकों में रोष



दैनिक शुभ भास्कर बेतिया, साठी थाना क्षेत्र अंतर्गत भेड़ीहरवा स्थित उत्कर्ष पब्लिक स्कूल का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां स्कूल वाहन में क्षमता से कई गुना अधिक, लगभग 80 से 85 बच्चों को भरकर ले जाया जा रहा है। नियमों और सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर बच्चों की जान के साथ खुला खिलवाड़ किया जा रहा है प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। कई बच्चे खड़े होकर और एक-दूसरे से सटकर यात्रा करने को मजबूर हैं। ऐसे में जरा-सी चूक या अचानक ब्रेक लगने पर बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन को इस अव्यवस्था की पूरी जानकारी है, बावजूद इसके कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाया जा रहा है। वहीं प्रशासन की ओर से भी अब तक किसी प्रकार की सख्त जांच या कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे सवाल खड़े हो रहे हैं।अभिभावकों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उनका कहना है कि बच्चों की सुरक्षा से बड़ा कोई विषय नहीं हो सकता।अब देखना यह है कि संबंधित विभाग और प्रशासन इस गंभीर लापरवाही पर कब तक चुप्पी साधे रहते हैं, या फिर किसी बड़ी घटना के बाद ही कार्रवाई वही इस मामले में क्म्व् और ठम्व् से दूरभाष के माध्यम से संपर्क करना चाहा लेकिन कॉल रिसीव नहीं हो पाया जिससे उनका पक्ष नहीं मिल पाया

# पटना प्रो. संगीता कुमारी बनीं राम लखन सिंह यादव कॉलेज की उप-प्राचार्य!

चंदू प्रिन्स संवाददाता दैनिक शुभ भास्कर पटना।

पटना (अनीसाबाद) राम लखन सिंह यादव कॉलेज, अनीसाबाद के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रो. संगीता कुमारी को कॉलेज का नया उप-प्राचार्य नियुक्त किया गया है। प्रो. कुमारी वर्तमान में कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं।अनुशासन और शैक्षणिक विकास पर जोर पदभार ग्रहण करने के अवसर पर प्रो. संगीता कुमारी ने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहाष्सभी के सहयोग से मैं कॉलेज को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करूंगी। मेरी सभी सहकर्मियों और छात्रों से अपेक्षा है कि वे अनुशासन बनाए रखें ताकि संस्थान में एक उत्कृष्ट एकेडमिक वातावरण निर्मित हो सके।ष्प्राचार्य ने बताया श्ऐतिहासिक दिनकॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र प्रसाद ने इसे संस्थान के लिए एक ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने प्रो. कुमारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और भरोसा जताया कि उनके अनुभव से कॉलेज की शैक्षणिक गरिमा और बढ़ेगी।गरिमामयी उपस्थितिइस विशेष अवसर पर कॉलेज के कई वरिष्ठ प्राध्यापक और कर्मचारी उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे।प्रो. अशोक यादव, प्रो. वीरेंद्र प्रसाद सिंह, डॉ. प्रो. महेंद्र सिंह, प्रो. शंकर प्रसाद साह, डॉ. प्रो. राजकिशोर प्रसाद।प्रो. मनीष भारती, प्रो. रामजीवन यादव, प्रो. कुमारी सुंदरम, प्रो. प्रसिद्ध कुमार, प्रो. परिवेश साह, प्रो अरुण कुमार, प्रो रोहित भारती, प्रो ममता रानी, प्रो हरेंद्र प्रसाद, मीना कुमारी, प्रो रोहित कुमार, प्रो सतेंद्र प्रसाद, प्रो. अभय कुमार, प्रो. आनंद प्रकाश, प्रो. आरती राज, प्रो. नूतन दास।प्रो. निधि, प्रो. कुमारी तेजस्विनी, गुले जोहरा, लिली रविदास, रामजी राय एवं रविंद्र कुमार।, नेहा कुमारी, चंदन कुमार, शिवेंद्र कुमार उपस्थित थे.कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने नई उप-प्राचार्य को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# खड़गे और पवन खेड़ा पर आपत्तिजनक बयानबाजी बर्दाश्त नहीं असम के मुख्यमंत्री माफी मांगें- इन्तेखाब आलम



किशनगंज ( अली रजा सिद्दिकी)
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य इन्तेखाब आलम ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के हालिया बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के खिलाफ की जा रही आपत्तिजनक और असंसदीय टिप्पणियां पूरी तरह निंदनीय हैं।
इन्तेखाब आलम ने कहा कि एक संवैधानिक पद पर बैठे मुख्यमंत्री द्वारा इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना और असंसदीय भाषा का इस्तेमाल करना लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं का खुला उल्लंघन है। यह न केवल उनकी राजनीतिक हताशा को दर्शाता है, बल्कि जनता के असली मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश भी है।
उन्होंने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और किसी भी प्रकार की अपमानजनक टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
इन्तेखाब आलम ने आगे कहा कि समाज में नफरत फैलाने और विशेष समुदायों को निशाना बनाने की राजनीति अब पुरानी हो चुकी है। जनता अब जागरूक है और ऐसे बयानों का करारा जवाब देने के लिए तैयार है।
अंत में उन्होंने मांग की कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा तुरंत अपने बयानों के लिए सार्वजनिक माफी मांगें और अपने पद की गरिमा बनाए रखें, अन्यथा जनता उन्हें लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देने का काम करेगी।

## हमारे लिए गौरव का क्षण लश्करी प्रिपेरेटरी स्कूल, बीकापुर, अयोध्या को अत्यंत हर्ष एवं गर्व के साथ यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि विद्यालय की प्रतिभाशाली पूर्व छात्रा कुमारी आकांक्षा निषाद का चयन आयकर विभाग में निरीक्षक के पद पर हुआ है।



यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे विद्यालय एवं क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक एवं गौरवपूर्ण क्षण है। आकांक्षा निषाद ने अपनी मेहनत, दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयासों के बल पर यह सफलता प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है लश्करी प्रिपेरेटरी स्कूल में अध्ययन के दौरान वे एक मेधावी, अनुशासित एवं परिश्रमी छात्रा के रूप में जानी जाती थीं। उनकी इसी लगन और उत्कृष्टता ने उन्हें आज इस मुकाम तक पहुँचाया है।उनके पिता हनुमान निषाद एवं माता श्रीमती सुनीता देवी ने सदैव उनका मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन किया। आकांक्षा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है।विद्यालय के प्रधानाचार्या ज़बीहुन निशा एवं प्रबंधक फ़िरोज़ अहमद ने आकांक्षा को इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।यह उपलब्धि न केवल हमारे विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### खगौल गोल्ड लूट कांड का खुलासा

## 5.403 किलो सोना बरामद, 3 अपराधी गिरफ्तार, कस्टम अधिकारी बनकर दिनदहाड़े लूट की वारदात

**दैनिक शुभ भास्कर महफूज़ आलम**
**पटना ब्यूरो**



पटना। खगौल थाना क्षेत्र में 04 अप्रैल 2026 को दानापुर स्टेशन के समीप त्ळ के पास हुई सनसनीखेज गोल्ड लूट कांड का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में च्जदं च्वसपबम और ठपींत ैज्थ् की संयुक्त कार्रवाई में तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।जानकारी के अनुसार, अपराधियों ने खुद को कस्टम अधिकारी बताकर एक स्वर्ण व्यवसायी से भारी मात्रा में सोना लूट लिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक पटना कार्तिकेय के शर्मा के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के नेतृत्व में विशेष जांच दल (ैप्ज) का गठन किया गया।गठित टीम में ठपींत ैज्थ्, ैप्न् पटना एवं अन्य इकाइयों को शामिल कर जांच प्रारंभ की गई। ब्ब्ज्ट फुटेज, तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान तथा मानवीय स्रोतों के आधार पर अपराधियों की पहचान स्थापित की गई।इसके बाद चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर 5.403 किलोग्राम सोना, ?1,97,000 नकद एवं 9 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। साथ ही घटना में प्रयुक्त वाहन एवं बाइक भी जब्त किए गए हैं, जिनमें एक चार पहिया वाहन चोरी का पाया गया।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार सभी अभियुक्तों का पूर्व से ही गंभीर आपराधिक इतिहास रहा है। फिलहाल अन्य फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## नागरिक परिषद की पहली बैठक मैं अहम निर्णय लिए गए, जिला पदाधिकारी को दी गई जानकारी



मोतिहारी 10 अप्रैल, अशोक वर्मा नागरिक परिषद की पहली बैठक हुई.बिहार सरकार के पहल और बिहार के राज्यपाल की स्वीकृति से बनी हुई जनता के जनहित में कार्य करने वाली बिहार सरकार की एक मजबूत संस्था है नागरिक परिषद. अरिषद की पहली बैठक में कई अहम मुद्दे जैसे नागरिक सुविधा हेतु मेरी ओर से रखे गए 1 सिंगल विंडो सिस्टम नगर निगम के निचले फ्लोर में सीनियर सिटीजन के सुविधा एवं अन्य सभी जन के सुविधा के लिए नगर निगम का कर संग्रह काउंटर खुलवाने की मांग, 2- नगर निगम द्वारा कूड़े का उठाओ एवं निस्तारण के बीच में कूड़े को ढक कर धुलाई करने की प्रक्रिया की मांग, 3 आवारा पशुओं को नियंत्रित करने का कार्य शुरू करना,4 महापुरुषों की मूर्तियों की सफाई रखरखाव की व्यवस्था सरकारी तौर पर की जाए, 5 --- अवधेश चौक से येन एच के किनारे जिनकी जमीन है वह घर के निर्माण हेतु अपनी जमीन तक गृह निर्माण सामग्री लाने के लिए मिट्टी गिरा कर मोटरेबल करने की अनुमति दी जाए जिससे घर का निर्माण हो सके आदि है.सभी प्रस्ताव जिला पदाधिकारी को अमरेंद्र सिंह और अन्य ने दी.

## चुटूपालू घाटी का हर हादसा छीन रहा अपनों की जिंदगी,15 दिनों में कार्रवाई नहीं तो आंदोलन- धनंजय कुमार पुटूस

### चुटूपालू घाटी बनी मौत की घाटी जनहित में रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति करेगा चरणबद्ध आंदोलन

दैनिक शुभ भास्कर रामगढ़ स जिला स्थित चुटूपालू घाटी में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं और बढ़ती मौतों की घटनाओं ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। यह घाटी अब आम लोगों के बीच ÷मौत की घाटी÷ के रूप में जानी जाने लगी है, जो अत्यंत चिंता का विषय है।इसी संदर्भ में सामाजिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति ते के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि चुटूपालू घाटी में लगातार हो रही दुर्घटनाएं लापरवाही और सुरक्षा उपायों की कमी को दर्शाती हैं।श्री पुटूस ने स्पष्ट कहा कि यदि आगामी 15 दिनों के भीतर इस दिशा में ठोस और प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो सामाजिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति द्वारा जनहित में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस आंदोलन के तहत हस्ताक्षर अभियान,धरना, प्रदर्शन और अन्य लोकतांत्रिक तरीके अपनाए जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित प्रशासन की होगी।

## किशनगंज में कांग्रेस द्वारा हेमंत बिस्वा शर्मा का पुतला दहन किया गया।

**किशनगंज (अली रजा सिद्दिकी)**



आज किशनगंज कांग्रेस कमेटी द्वारा किशनगंज कांग्रेस जिला अध्यक्ष शहाबुल-अख्तर की अध्यक्षता मे असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया।इस दौरान मुख्य रूप से किशनगंज युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहम्मद आज़ाद साहिल, किशनगंज नगर अध्यक्ष सजल कुमार साहा, किशनगंज सांसद निजी सहायक एहसान हसन , नगर परिषद पूर्व चेयरमैन सह कांग्रेस नेता मोहम्मद जमशेद आलम, अल्पसंख्यक कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाफिज मुदस्सिर, छैन्प् प्रदेश उपाध्यक्ष अमन रेजा, सहकारिता कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहम्मद सोवेब, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शाह आलम, नगर महासचिव तनवीर आलम, युवा कांग्रेस जिला महासचिव मो सलाम, नगर महासचिव आदर्श कुमार साह, कांग्रेस नगर महासचिव मोहम्मद दिलदार, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अतुल गोस्वामी, कांग्रेस जिला सचिव सुमेंद्र बहादुर, युवा कांग्रेस नगर महासचिव शुभम कुमार दास, कांग्रेस नेता मो मुबारक , कांग्रेस नेता मो रिजवान , कांग्रेस नेता मोहम्मद सलमान आदि दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे थे। इस दौरान जिला अध्यक्ष शहाबुल अख्तर ने कहा की हेमंत बिस्शा शर्मा कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष माननीय मल्लिकार्जुन खडगे जी के विरुद्ध प्रयुक्त अभद्र एवं अशोभनीय भाषा का अत्यंत निंदनीय, शर्मनाक एवं पूर्णतः अस्वीकार्य है।खड़गे जी देश के एक वरिष्ठ एवं लोकप्रिय दलित नेता हैं। उनका अनुभव, कद एवं प्रतिष्ठा अतुलनीय है। उनका अपमान केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि देश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समाज के करोड़ों लोगों की भावनाओं का भी अपमान है।

## पटना प्रो. संगीता कुमारी बनीं राम लखन सिंह यादव कॉलेज की उप-प्राचार्य !

**चंदू प्रिन्स संवाददाता**
**दैनिक शुभ भास्कर पटना।**



पटना (अनीसाबाद) राम लखन सिंह यादव कॉलेज, अनीसाबाद के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रो. संगीता कुमारी को कॉलेज का नया उप-प्राचार्य नियुक्त किया गया है। प्रो. कुमारी वर्तमान में कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं।अनुशासन और शैक्षणिक विकास पर जोर पदभार ग्रहण करने के अवसर पर प्रो. संगीता कुमारी ने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहाष्सभी के सहयोग से मैं कॉलेज को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करूंगी। मेरी सभी सहकर्मियों और छात्रों से अपेक्षा है कि वे अनुशासन बनाए रखें ताकि संस्थान में एक उत्कृष्ट एकेडमिक वातावरण निर्मित हो सके।ष्प्राचार्य ने बताया श्ऐतिहासिक दिनश्कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र प्रसाद ने इसे संस्थान के लिए एक ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने प्रो. कुमारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और भरोसा जताया कि उनके अनुभव से कॉलेज की शैक्षणिक गरिमा और बढ़ेगी।गरिमामयी उपस्थितिइस विशेष अवसर पर कॉलेज के कई वरिष्ठ प्राध्यापक और कर्मचारी उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे।प्रो. अशोक यादव, प्रो. वीरेंद्र प्रसाद सिंह, डॉ. प्रो. महेंद्र सिंह, प्रो. शंकर प्रसाद साह, डॉ. प्रो. राजकिशोर प्रसाद।प्रो. मनीष भारती, प्रो. रामजीवन यादव, प्रो. कुमारी सुंदरम, प्रो. प्रसिद्ध कुमार, प्रो. परिवेश साह, प्रो अरुण कुमार, प्रो रोहित भारती, प्रो ममता रानी, प्रो हरेंद्र प्रसाद, मीना कुमारी, प्रो रोहित कुमार, प्रो सतेंद्र प्रसाद, प्रो. अभय कुमार, प्रो. आनंद प्रकाश, प्रो. आरती राज, प्रो. नूतन दास।प्रो. निधि, प्रो. कुमारी तेजस्विनी, गुले जोहरा, लिली रविदास, रामजी राय एवं रविंद्र कुमार।, नेहा कुमारी, चंदन कुमार, शिवेंद्र कुमार उपस्थित थे.कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने नई उप-प्राचार्य को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

## अयोध्या कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित अन्य नेताओं के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी करने के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का पुतला फूंका।



कांग्रेस नेताओं ने पुलिस के रोकने के प्रयासों के बावजूद जबरदस्त आक्रोश दिखाते हुए असम के मुख्यमंत्री का पुतला फूंक दिया। कांग्रेस कार्यालय के समक्ष आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया और प्रशासनिक सख्ती के बीच भी कार्यक्रम को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री अपने पद की गरिमा के विरुद्ध आचरण कर रहे हैं और लगातार अलोकतांत्रिक एवं अमर्यादित टिप्पणियां कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आचार संहिता लागू होने के बावजूद कांग्रेस नेताओं के खिलाफउत्पीड़नात्मक कार्यवाही की धमकी देना लोकतंत्र पर सीधा प्रहार है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणियां अत्यंत निंदनीय हैं।महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि इस प्रकार की बयानबाजी समाज में वैमनस्य फैलाने का कार्य करती है और इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मांग की कि चुनाव आयोग को इस पूरे मामले का संज्ञान लेते हुए असम के मुख्यमंत्री के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई करनी चाहिए।पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कांग्रेस द्वारा लगाए गए सभी आरोपों की स्वतंत्र एजेंसी से निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई जनता के सामने आ सके।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य राम अवध पासी,पंकज सिंह,रुद्र प्रताप सिंह रिशु, नाजिश फातिमा, उमेश उपाध्याय, राजकुमार पांडे,अशोक कनौजिया, धर्मेंद्र सिंह फास्टर, डॉ विनोद गुप्ता, चंचल सोनकर ,तैयब खान ,यासीन, सरजू प्रसाद वर्मा, रामचरित्र वर्मा,कविंद्र साहनी ,अरुण साहू, रामचरित्र वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## प्रसव में लापरवाही से गई जच्चा बच्चा की जान मामले में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने स्व0 सोनी यादव के पति सुरेश के नाम 1 लाख चेक के रूप में सहायता राशि भेजी, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने परिवार को चेक सौपा!!



प्रसव में लापरवाही से गई जच्चा बच्चा की जान मामले में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने स्व0 सोनी यादव के पति सुरेश के नाम 1 लाख चेक के रूप में सहायता राशि भेजी, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन व नि0 महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने परिवार को चेक देकर हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया, इस मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि इस दुःखद घटना का संज्ञान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी ने लिया और हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया और 1 लाख का चेक परिवार के नाम दिया,पूर्व मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जी हमेशा पीड़ित दुखी व्यक्ति की पीड़ा को अपनी पीड़ा समझकर मदद करते हैं, पूर्व मंत्री ने कहा कि लापरवाही ने जाने ले ली स्वास्थ्य मंत्री व उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक सिर्फ दिखावा करते हैं बलकी हकीकत में सरकारी अस्पतालों की मिलीभगत से ही प्राइवेट नर्सिंग होम चल रहे है इसी का जीता जागता सुबूत ये प्रकरण है जिसमें जच्चा बच्चा दोनों की जाने चली गयी, अगर महिला अस्पताल एडमिट कर लेता तो शायद यह दुखद घटना न होती, नि0 महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि ये बहुत ही दुःखद घटना थी जिसमें डाक्टर के ऊपर एफआईआर भी दर्ज हुई है, मेरी प्रशासन से मांग है कि इस तरह के जितने भी प्राइवेट नर्सिंगहोम होम है उनकी जांच कर कार्यवाही करे जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाएँ रुक सके,महानगर अध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का अभार प्रकट किया प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम,अयोध्या विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव, उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, प्रवक्ता राकेश यादव, श्रीमती लल्ली देवी,पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र यादव,बृजेश सिंह चौहान,दान बहादुर सिंह, बृजेश यादव, करन यादव ,राजेश यादव,हरीश यादव, इत्यादि लोग मौजूद थे!

## स्वच्छ सिंहस्थ के लिए पर्यावरण प्रदूषण व स्थानीय तापमान पर चिंतन की आवश्यकता

**(प्रहलाद शर्मा-विनायक फीचर्स)**

उज्जैन में आयोजित होने वाले महाकुंभ को मध्यप्रदेश सरकार विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन मानते हुए तैयारी में जुटी हुई है। 27 मार्च से 27 मई 2028 तक 60 दिनों तक चलने वाले इस आस्था के महाकुंभ में लगभग 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया जा रहा है। सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में 3060 करोड़ का बजट प्रावधान किया है, वहीं 13851 करोड़ के विकास कार्यों की घोषणाएं भी की है। समूचे उज्जैन जिले में इस भव्य आयोजन को लेकर युद्ध स्तर पर निर्माण और विकास कार्य चल रहे हैं। इन सबके बीच इस आयोजन में एक महत्वपूर्ण विषय है पर्यावरण प्रदूषण और स्थानीय तापमान में होने वाली वृद्धि। सरकार को इस दिशा में चिंतन करते हुए ठोस कदम उठाए जाने पर गंभीरता से ध्यान देना जरूरी है। आज हम इसी विषय पर कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर सरकार का ध्यान केंद्रित करने का प्रयास कर रहे हैं। यह महाकुंभ हरिद्वार, प्रयागराज और नासिक से ज्यादा चुनौतीपूर्ण है। जिसके एक नहीं अनेक कारण हैं, हम उस पर भी विस्तृत प्रकाश डालते हुए भावी खतरे से सरकार को आगाह करते हुए उसके समाधान हेतु समय रहते उचित कदम उठाने का सुझाव भी प्रस्तुत करने का प्रयास कर रहे हैं।मध्यप्रदेश सरकार उज्जैन महाकुंभ का आयोजन लगभग 3360 हेक्टेयर के विशाल क्षेत्रफल में आयोजित करने की तैयारी कर रही है। जिसमें एक स्थायी कुंभ सिटी के साथ ही आस्था की डुबकी लगाने के लिए क्षिप्रा नदी पर 29 किमी लंबे घाट तैयार किए जा रहे हैं। सरकार इस आयोजन को स्वच्छ सिंहस्थ के माध्यम से कार्बन क्रेडिट अर्जित करने की योजना भी बना रही है। जिसके तहत कुंभ क्षेत्र में प्लास्टिक की रिसाइक्लिंग और न्यूनतम अपशिष्ट उत्पादन, कचरे को संसाधन में बदलने की आधुनिक तकनीक का उपयोग के साथ ही कुंभ क्षेत्र और आस-पास के इलाकों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण की योजना भी है। बेशक स्वच्छता की दृष्टि से यह सरकार का एक अच्छा प्रयास माना जा सकता है। लेकिन क्या इतने भर से इस महाकुंभ में उत्पन्न होने पर्यावरण प्रदूषण को रोका जा सकता है? क्या कचरे का निष्पादन और प्लास्टिक की रिसाइक्लिंग जैसे कार्य से इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं और उनके वाहनों, उनके लिए तैयार किए जाने वाले भोजन तथा उस क्षेत्र में की जाने वाली विद्युत आपूर्ति से उत्सर्जित होने वाली कार्बन-डाई-ऑक्साइड अर्थात कार्बन से स्थानीय तापमान में वृद्धि नहीं होगी? क्या यह पर्यावरण प्रदूषण का एक बड़ा और गंभीर कारक नहीं होंगे? हां सरकार द्वारा कुंभ क्षेत्र और आस-पास के इलाकों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण की योजना जरुर बनाई गई है लेकिन क्या अल्प समय में इतनी बड़ी तादाद में वृक्षारोपण कार्य किया जा सकता है और इतने पौधे एक साथ तैयार हो सकते हैं? सरकार को स्थानीय तापमान नियंत्रित करने, पर्यावरण संरक्षण

### ललितपुर रेलवे स्टेशन पर चोरी

## यात्री का बैग खाली, 10,350 रुपये और टिकट गायब

ललितपुर। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर एक यात्री का बैग चोरी हो गया। चोरी में 10,350 रुपये नकद और ट्रेन टिकट गायब हो गए। घटना 9 अप्रैल 2026 की रात हुई। जीआरपी थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ क्षेत्र के निवासी संतोष कुमार रिछारिया ट्रेन नंबर 64647 मेमू से टीकमगढ़ से ललितपुर आ रहे थे। बिरारी स्टेशन पर ट्रेन करीब डेढ़ घंटे खड़ी रही। गर्मी के कारण उन्होंने अपना कोट उतारकर बैग में रख लिया, जिसमें 10,350 रुपये और टिकट रखे थे। ललितपुर स्टेशन पहुंचने पर उन्होंने प्लेटफार्म नंबर 1 पर बैग बेंच पर रख दिया और नल से पानी भरने व पीने चले गए। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने बैग से रुपये और टिकट निकाल लिए।

### नौहरकलां गांव में भोज के दौरान झड़प

## दो परिवारों ने एक-दूसरे पर मारपीट-धमकी का क्रॉस केस दर्ज कराया

ललितपुर। जिले के जखौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नौहरकलां गांव में केदार यादव के घर पर चल रहे भोज (तेरहवीं) के दौरान दो परिवारों के बीच गाली-गलौज और मारपीट की घटना ने तूल पकड़ लिया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडे-कुल्हाड़ी से पीटने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए क्रॉस एफआईआर दर्ज कराई है। पहले पक्ष की ओर से नन्दलाल शर्मा पिता मुन्नालाल शर्मा ने शिकायत दी कि 8 अप्रैल 2026 को रात करीब 10 बजे वह केदार यादव के घर भोज में खाना खा रहे थे। इसी दौरान जगदीश शर्मा पिता कोमल शर्मा और उनके बेटे रोनक शर्मा ने उन्हें मां-बहन की गालियां दीं। विरोध करने पर दोनों ने लाठी-डंडे से उन पर और उनके बेटे अमर शर्मा पर हमला कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। दूसरे पक्ष की ओर से रोनक शर्मा पिता जगदीश शर्मा ने बताया कि उसी दिन शाम करीब 9 बजे वह अपने घर के दरवाजे पर बैठे थे। पास में चल रहे भोज के दौरान नन्दू नन्दलाल और अमर नन्दलाल के बेटे वहां आए और राजनेताओं को गाली देते हुए कहा कि हमारी सरकार आने पर सभी राजनेताओं को जेल भिजवा देंगे। जब रोनक ने पार्टी को गाली देने से मना किया तो दोनों ने कुल्हाड़ी व लाठी-डंडे से उन पर और उनके पिता जगदीश शर्मा पर हमला बोल दिया। दोनों ने जान से मारने की धमकी दी। घटना को केदार यादव व अन्य ग्रामीणों ने देखा। दोनों एफआईआर बीएनएस की धारा 115(2), 351(3) एवं 352 के तहत जखौरा थाने में 9 अप्रैल 2026 को दर्ज की गईं।

मुद्रक - स्वामी- प्रकाशक, सुनील कुमार मिश्रा, द्वारा शुभ - लाभ प्रिंटर्स, मावली उदयपुर राजस्थान, 313203/ प्रधान संपादक- मो.शरफेआलम,मो0.7764978689 प्रधान कार्यालय भेलवा टोला जयनगर मधुबनी बिहार कार्यालय एवं अल्ल पट्टी रोड दरभंगा। सहायक कार्यालय झारखण्ड, साहिबगंज, पिन कोड - 818101 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UPHIND 2015/64737. पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार, सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।